www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

मौसम

अधिकतम तापमान 34.c

26.c न्यूनतम तापमान

बाजार

सोना 88.390g

चांदी 91.500 kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/bharatsamvad.in

www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n

E-Paper bharatsamvad.live

2 नफरत पैदा करने वाली विचारधारा, मजहबी भेदभाव से मिलनी चाहिए मुक्ति

बिजली कर्मी की हत्या के विरोध में सड़क जाम 04

वर्ष :08 | अंक :255 | मुंबई ,शनिवार , 08 मार्च , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2: 00 रुपए

संक्षिप्त समाचार

दिल्ली में आईएफएस अधिकारी ने बिल्डिंग से कूदकर दी जान, विदेश मंत्रालय का आया बयान

दिल्ली के चाणक्यपुरी इलाके में शुक्रवार सुबह भारतीय विदेश सेवा के एक अधिकारी ने आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि उनकी पहचान जितेंद्र रावत के रूप में हुई है। उन्होंने विदेश मंत्रालय के अधिकारियों के लिए बनी कॉलोनी में अपने सरकारी आवास की छत से सुबह 6 बजे छलांग लगा दी। सूत्रों ने बताया कि रावत अवसाद से पीड़ित थे और उनका इलाज चल रहा था। रावत के परिवार में उनकी पत्नी और दो बच्चे हैं, जिनमें से तीनों उत्तराखंड के देहरादून में रहते हैं। उनकी मृत्यु के समय घर पर केवल उनकी मां ही थीं। सरकारी अधिकारी चार मंजिला इमारत की पहली मंजिल पर रहते थे। विदेश मंत्रालय ने नई दिल्ली के चाणक्यपुरी इलाके में एक आईएफएस अधिकारी की मौत के बाद एक बयान जारी किया। इसमें कहा गया है कि विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी का 07 मार्च, 2025 की सुबह नई दिल्ली में निधन हो गया। मंत्रालय परिवार को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है और दिल्ली पुलिस के संपर्क में है। मंत्रालय दुख और कठिनाई की इस घड़ी में परिवार के साथ खड़ा है। शोक की इस घड़ी में परिवार की निजता का सम्मान करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए आगे की जानकारी जारी नहीं की जा रही है।

चुनावी रंजिश में हत्या के मामले में तीन लोगों को आजीवन कारावास

हापुड़ की एक अदालत ने चुनावी रंजिश से जुड़े हत्या के एक मामले में बृहस्पतिवार को तीन लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और प्रत्येक पर 50-50 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जिला पुलिस के प्रवक्ता ने एक बयान में बताया कि दीन मोहम्मद, उसके बेटे शान मोहम्मद और गुलीहसन को 24 फरवरी 2016 को चुनावी रंजिश के कारण पूठ गांव में नीरज को गोली मारने के लिए दोषी ठहराया गया। प्रवक्ता ने बताया कि जांच में पता चला कि ग्राम पंचायत चुनाव जीतने के बाद आरोपियों ने बहादुरगढ़ क्षेत्र में एक सरकारी नल के पास नीरज की हत्या कर दी थी। बयान में कहा गया कि अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश ज्ञानेंद्र सिंह यादव ने मामले में शामिल अन्य लोगों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया, जबकि दीन और उसके बेटों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

ये सिर्फ एक केंद्र शासित प्रदेश नहीं, हमारा गौरव और विरासत हैं : पीएम मोदी

सिलवासा में पीएम ने 'नमो अस्पताल' का उद्घाटन किया:मोटापा घटाने की अपील करते हुए कहा- आज से ही खाने के तेल में 10% की कटौती करें

उद्घाटन और शिलान्यास

मोदी ने कहा कि 2014 में केंद्र में सरकार बनने के बाद हमारी सरकार ने इस भरोसे को शक्ति में परिवर्तित कर दिया, उसे आगे बढ़ाया। आज हमारा सिलवासा, ये प्रदेश एक आधुनिक पहचान के साथ उभर रहा है। सिलवासा एक ऐसा शहर बन चुका है जहां हर जगह के लोग रह रहे हैं।

एजेंसी

सूरत। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दादर और नगर हवेली के सिलवासा में सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त व्यक्तियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। उन्होंने 2,587 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। इस दौरान मोदी ने कहा कि वर्षों पहले मुझे यहां बहुत बार आने का अवसर मिलता था। सिलवासा और पूरा दादरा एवं नगर हवेली, दमन-दीव उस समय कितना अलग था। लोगों को भी लगता था कि समुद्र के किनारे इस छोटी सी जगह में क्या हो सकता है। लेकिन मुझे यहां के लोगों के सामर्थ्य पर भरोसा था, आप पर भरोसा था। मोदी ने कहा कि 2014 में केंद्र में सरकार बनने के बाद हमारी सरकार ने इस भरोसे को शक्ति में परिवर्तित कर दिया, उसे आगे बढ़ाया। आज हमारा सिलवासा, ये प्रदेश एक आधुनिक पहचान के साथ उभर रहा है। सिलवासा एक ऐसा शहर बन चुका है जहां हर जगह के लोग रह रहे हैं। यहां का विश्वव्यापी मिजाज बताता है कि दादरा एवं नगर हवेली में कितनी तेजी से नए अवसरों का विकास हुआ है।

> प्रधानमंत्री ने दोहराते हुए कहा कि केंद्र सरकार सबका साथ झ सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर चल रही है। उन्होंने कहा कि देश के हर क्षेत्र का विकास हो, देश के हर क्षेत्र का संतुलित विकास हो, इस पर हमारा बहुत जोर है। प्रधानमंत्री ने लंबे समय से चल रहे एक कार्यक्रम झ विकास को वोट बैंक की राजनीति के चश्मे से देखने की प्रवृत्ति की आलोचना की।

पीएम मोदी ने कहा- जन औषधि दिवस लोगों को सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को जन औषधि दिवस के अवसर पर स्वस्थ और फिट भारत सुनिश्चित करते हुए सभी नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली, सस्ती दवाएं प्रदान करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। हर साल सात मार्च को जन औषधि दिवस मनाया जाता है ताकि इस योजना के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके और जेनेरिक दवाओं के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जा सके। इस पहल को समर्थन देने के लिए एक से सात मार्च तक पूरे देश में सप्ताह भर के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जन औषधि दिवस लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली और सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने, स्वस्थ और फिट भारत सुनिश्चित करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) को नवंबर 2008 में रसायन और उर्वरक मंत्रालय के फार्मास्यूटिकल्स विभाग द्वारा केंद्रीय फार्मा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के सहयोग से शुरू किया गया था।

शाह ने भाषा के मुद्दे पर स्टालिन पर निशाना साधा

मेडिकल, इंजीनियरिंग की शिक्षा तमिल में देने को कहा

> शाह ने कहा, चाहे वह प्रशासनिक सुधार हो, आध्यात्मिक ऊंचाइयों को प्राप्त करना हो, शिक्षा हो या राष्ट्र की एकता और अखंडता हो, तमिलनाडु ने हर क्षेत्र में भारतीय संस्कृति को मजबूत किया है।

एजेंसी

तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार में भाषा के मुद्दे पर छिड़े विवाद के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन से राज्य में तमिल में इंजीनियरिंग और मेडिकल की शिक्षा प्रदान करने को कहा तथा तमिल भाषा की भी सराहना की। भाषा के मुद्दे, विशेष रूप से स्टालिन द्वारा हिंदी थोपे जाने का आरोप लगाते हुए इसका विरोध करने को लेकर शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने बदलाव किए हैं और अब यह सुनिश्चित किया है कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के अभ्यर्थी अपनी-अपनी क्षेत्रीय भाषाओं में परीक्षा दे सकें।

तमिल भाषा भारत की अमूल्य रत्न: अमित शाह

शाह ने कहा कि तमिल भाषा, संस्कृति और परंपराएं भारत की विरासत के अमूल्य रत्न हैं, जिन्हें आज पूरा देश गर्व से अपनाता है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, यह भी गर्व की बात है कि सीआईएसएफ थक्कोलम प्रशिक्षण केंद्र, राजादित्य चोझान आरटीसी का नाम चोल वंश के महान योद्धा और वीर तमिल राजा आदित्य चोल के सम्मान में रखा गया है। गृह मंत्री ने कहा कि राजा आदित्य चोल ने तमिलनाडु की इसी धरती पर वीरता और बलिदान की गाथाएं गढ़ीं और शहादत प्राप्त की, जिससे चोल साम्राज्य की गौरवशाली परंपराओं को और मजबूती मिली। उन्होंने सीआईएसएफ के बारे में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के भारत को 2047 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने में अर्द्धसैनिक बल का योगदान बहुत महत्वपूर्ण है।

सीआईएसएफ के 56वें स्थापना दिवस पर क्या बोले अमित शाह

चेन्नई से करीब 70 किलोमीटर दूर रानीपेट में आरटीसी थक्कोलम में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 56वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि परीक्षा में उत्तर पुस्तिका तमिल में भी लिखी जा सकेगी। उन्होंने कहा, मैं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री से छात्रों के लाभ के लिए राज्य में तमिल में इंजीनियरिंग और मेडिकल शिक्षा शुरू करने की अपील करता हूं। राज्य में भाषा को लेकर जारी विवाद के बीच शाह की मुख्यमंत्री को निशाना साधते हुए ये टिप्पणी सामने आई। सत्तारूढ़ द्रमुक राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के माध्यम से हिंदी लागू करने का दावा कर रही है, हालांकि केंद्र ने इसका खंडन किया है।

स्टालिन ने परिसीमन का डर पंजाब और बंगाल तक बढ़ाया

7 मुख्यमंत्रियों को लिखा पत्र, चेन्नई में बैठक के लिए बुलाया

> अगले वर्ष तमिलनाडु में होने वाले चुनावों से पहले, स्टालिन और उनकी सरकार केंद्र की 'हिंदी थोपने' और परिसीमन का जोरदार विरोध कर रही है, उनका तर्क है कि इनमें से कोई भी आवश्यक नहीं है और कुल मिलाकर यह संविधान की संघीय प्रकृति और तमिल लोगों और भाषा पर हमला है।

एजेंसी

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शुक्रवार को बंगाल की ममता बनर्जी, पंजाब के भगवंत मान और भाजपा शासित ओडिशा के मोहन चंद्र माझी सहित सात समकक्षों से केंद्र द्वारा प्रस्तावित परिसीमन अभ्यास के खिलाफ राजनीतिक दलों की 'संयुक्त कार्रवाई समिति' में शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने केरल के पिनाराई विजयन, कर्नाटक के सिद्धारमैया, तेलंगाना के रेवंत रेड्डी, आंध्र प्रदेश के चंद्रबाबू नायडू के साथ-साथ इन राज्यों में गैर-सत्तारूढ़ दलों और भाजपा के वरिष्ठ राजनेताओं को 22 मार्च को चेन्नई में एक बैठक में झसामूहिक पाठ्यक्रम तैयार करनेझ के लिए कहा है।एमके स्टालिन ने एक्स पर कहा कि परिसीमन संघवाद पर एक जबरदस्त हमला है, जो संसद में हमारी जायज आवाज को छीनकर जनसंख्या नियंत्रण सुनिश्चित करने वाले राज्यों को दंडित करता है। हम इस लोकतांत्रिक अन्याय की अनुमति नहीं देंगे! पत्र में उन्होंने परिसीमन पर चर्चा के लिए आगे की दिशा में सामूहिक रूप से चर्चा करने के लिए 22 मार्च को चेन्नई में एक उद्घाटन बैठक का प्रस्ताव भी रखा।

उन्होंने लिखा, झयह क्षण नेतृत्व और सहयोग की मांग करता है, राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर हमारे सामूहिक हित के लिए खड़ा होना चाहिए। अगले वर्ष तमिलनाडु में होने वाले चुनावों से पहले, स्टालिन और उनकी सरकार केंद्र की 'हिंदी थोपने' और परिसीमन का जोरदार विरोध कर रही है।

काशी और अयोध्या के बाद अब मथुरा की बारी : योगी आदित्यनाथ

बोले योगी, ब्रज भूमि श्रद्धा की भूमि, होली का त्यौहार एकता का सूत्र. श्री राधारानी के श्रीचरणों में ब्रज भूमि के विकास का निवेदन लेकर आया हूं : मुख्यमंत्री. मुख्यमंत्री ने फूलों और लड्डूमार होली के जरिए रंगोत्सव 2025 का किया शुभारंभ. सीएम योगी ने प्रदेशवासियों को दी रंगोत्सव 2025 की शुभकामनाएं.

एजेंसी

- बरसाना में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रंगोत्सव 2025 का किया शुभारंभ
- मुख्यमंत्री ने बरसाना में श्री लाडली जी महाराज मंदिर में किया दर्शन पूजन
- महाकुम्भ सनातन धर्म का दुर्लभतम क्षण : योगी

मथुरा । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने एक दिवसीय दौरे पर मथुरा के बरसाना में रंगोत्सव 2025 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि काशी और अयोध्या के कायाकल्प के बाद अब मथुरा और ब्रज भूमि के विकास का समय आ गया है। बरसाना में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने श्री लाडली जी महाराज मंदिर में दर्शन-पूजन किया और फूलों व लड्डूमार होली के जरिए रंगोत्सव की शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि 5 हजार साल से भारत की सनातन संस्कृति को ऊर्जा देने वाली यह ब्रज भूमि श्रद्धा और आस्था की धरा है। इसके कण-कण में श्री राधा और श्री कृष्ण के दर्शन होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश का सौभाग्य है कि यहां काशी, अयोध्या और मथुरा, ये तीनों तीर्थ स्थल सनातन एकता के प्रतीक के रूप में मौजूद हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विरासत और विकास की नई परंपरा स्थापित हुई है, जिसका परिणाम हाल ही में संपन्न प्रयागराज महाकुम्भ के भव्य आयोजन के रूप में देखने को मिला।

पंचकूला के पहाड़ी इलाके में भारतीय वायुसेना का प्लेन क्रैश

पायलट ने पैराशूट से कूदकर बचाई जान

> पंचकूला के पहाड़ी इलाके में एक फाइटर जेट क्रैश होने की सूचना है. फिलहाल कोई नुकसान की सूचना नहीं है.

एजेंसी

पंचकूला: हरियाणा के पंचकूला में एक फाइटर जेट क्रैश होने की सूचना है. हादसा पहाड़ी क्षेत्र मोरनी से थोड़ी दूर पर हुआ है. बताया जा रहा है कि फिलहाल हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है. पायलट ने अपनी जान बचा ली है. वहीं फाइटर जेट के क्रैश होने से गांव में दहशत का माहौल है.जानकारी के अनुसार, फाइटर जेट के पायलट ने पैराशूट के द्वारा सुरक्षित उतरकर अपनी जान बचा ली है. वहीं, पुलिस और प्रशासन भी घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच गई. घटना की जांच जारी है.वायु सेना ने जांच के आदेश दिए : भारतीय वायु सेना ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए लिखा कि भारतीय वायुसेना का एक जगुआर विमान आज नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान अंबाला में सिस्टम में खराबी आने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

जम्मू कश्मीर विधानसभा में 1.12 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने की कई बड़ी घोषणाएं

> जम्मू-कश्मीर में आज 2025 का बजट पेश किया गया, जो सात सालों में किसी निर्वाचित सरकार द्वारा पेश किया गया पहला बजट है.

एजेंसी

श्रीनगर: जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 1.12 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया. इस बजट में कल्याण और विकास पर खास जोर दिया गया है.यह बजट सात सालों में किसी निर्वाचित सरकार द्वारा पेश किया गया पहला बजट है.मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने अपने बजट भाषण में कहा कि यह एक नए और समृद्ध जम्मू कश्मीर का खाका है, जो लोगों की आकांक्षाओं को दशार्ता है और आर्थिक वृद्धि, सामाजिक प्रगति और टिकाऊ विकास के लिए एक मजबूत नींव रखता है. अब्दुल्ला ने कहा, झवित्त वर्ष 2025-26 के लिए कुल शुद्ध बजट अनुमान 1,12,310 करोड़ रुपये है, जिसमें अथोर्पाय ऋण और ओवरड्राफ्ट के प्रावधान शामिल नहीं हैं.उन्होंने कहा कि अपेक्षित राजस्व प्राप्तियां 97,982 करोड़ रुपये और पूंजीगत प्राप्तियां 14,328 करोड़ रुपये हैं. इसी तरह, राजस्व व्यय 79,703 करोड़ रुपये और पूंजीगत व्यय 32,607 करोड़ रुपये होने का अनुमान है. इसके अलावा जम्मू कश्मीर के लिए केंद्रीय सहायता के रूप में 41,000 करोड़ रुपये मिलने का भी अनुमान बजट में जताया गया है।

सुप्रीम कोर्ट ने अडाणी ग्रुप के धारावी रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट पर रोक लगाने से इनकार किया

> सुप्रीम कोर्ट ने धारावी रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट को लेकर अडाणी ग्रुप के पक्ष में बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को पलटने से इनकार कर दिया है.

एजेंसी

नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को धारावी रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट के लिए चल रहे निर्माण कार्य को रोकने और अडाणी ग्रुप के पक्ष में बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को पलटने से इनकार कर दिया है. मामले की सुनवाई भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने की, जिसमें न्यायमूर्ति संजय कुमार शामिल थेपीठ ने दुबई स्थित सेकलिंक टेक्नोलॉजी कॉरपोरेशन द्वारा दायर याचिका पर महाराष्ट्र सरकार और अडाणी प्रॉपर्टीज को नोटिस जारी किया. यूएई की फर्म ने धारावी झुग्गियों के पुनर्विकास के लिए अपनी 2019 की बिड को रद्द करने और 2022 में अडाणी को एक नया टेंडर जारी करने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले को चुनौती दी थी.

मिशन | पांच दिनों के दौरे पर मोहन भागवत

हरियाणा और महाराष्ट्र के बाद आरएसएस का मिशन बिहार!

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के वैचारिक मार्गदर्शक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने दिल्ली, हरियाणा और महाराष्ट्र चुनावों में भगवा पार्टी की जीत में अहम भूमिका निभाई। दिल्ली में, आरएसएस ने शहर भर में 50,000 से ज्यादा बैठकें कीं, जिससे मतदाताओं को भाजपा के पीछे एकजुट किया जा सके। दिल्ली चुनाव के नतीजों के तुरंत बाद, आरएसएस ने अपना ध्यान बिहार और पश्चिम बंगाल पर केंद्रित कर दिया। अब, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत पांच दिवसीय दौरे पर राज्य में पहुंचे हैं, जिसके दौरान वे कार्यकर्ताओं से बातचीत करेंगे और अन्य कार्यक्रमों में भाग लेंगे। आरएसएस प्रमुख 9 मार्च तक मुजफ्फरपुर में रहेंगे। उनके स्वयंसेवकों और संघ से जुड़े अन्य संगठनों से जुड़े लोगों से मिलने की संभावना है। उनका दौरा राज्य में विधानसभा चुनावों से कुछ महीने पहले हो रहा है, जहां आरएसएस की राजनीतिक शाखा भाजपा अपना आधार बढ़ाने की कोशिश कर रही है। आरएसएस कार्यकर्ताओं के साथ भागवत की बैठक इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि ये संघ के कार्यकर्ता हैं जो संघ की राष्ट्रवादी विचारधारा के प्रचार-प्रसार में जमीनी स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और इस तरह इसे भाजपा के मतदाता आधार में बदल देते हैं। बिहार में, आरएसएस कथित तौर पर 'त्रिशूल' फॉर्मूले पर काम कर रहा है। सूत्रों के अनुसार, संगठन तीन महत्वपूर्ण पहलुओं पर ध्यान केंद्रित कर रहा है - गोपनीय सर्वेक्षणों के माध्यम से असंतुष्ट मतदाताओं और प्रमुख मुद्दों की पहचान करना; चुनाव की कहानी को आकार देने के लिए सबसे प्रभावशाली मुद्दों का आकलन करना और इन मुद्दों के आधार पर भाजपा के लिए चुनावी लाभ और जोखिम का विश्लेषण करना। यह सर्वेक्षण सख्त गोपनीयता में किया जा रहा है, जिसमें आरएसएस की शाखाओं (स्थानीय शाखाओं) के व्यापक नेटवर्क का लाभ उठाया जा रहा है। चुनावों की तैयारी में, बिहार भर में शाखाओं की संख्या बढ़ाने की तैयारी है, जिससे जमीनी स्तर पर गहरी भागीदारी सुनिश्चित होगी। एक बड़ी आगामी बैठक में, आरएसएस कमजोर मतदान केंद्रों को मजबूत करने के लिए एक व्यापक बूथ-स्तरीय सर्वेक्षण करने वाला है। जब बिहार भाजपा के एक नेता से विपक्षी नेताओं द्वारा लगाए गए आरोपों के अनुसार चुनावों पर आरएसएस के प्रभाव के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि संघ एक सांस्कृतिक इकाई है जो भारत में राष्ट्रवाद को बढ़ावा देने के लिए काम करती है।

> आरएसएस कार्यकताओं के साथ भागवत की बैठक इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि ये संघ के कार्यकर्ता हैं जो संघ की राष्ट्रवादी विचारधारा के प्रचार-प्रसार में जमीनी स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और इस तरह इसे भाजपा के मतदाता आधार में बदल देते हैं।

रणवीर अल्लाहबादिया ने मांगी माफी, विवाद के बाद 'बोलने से पहले सोचने की कसम खाई'

एजेंसी

नयी दिल्ली। यूट्यूबर और पीएम मोदी से अवॉर्ड पाने वाले विजेता पॉडकास्टर रणवीर अलाहबादिया लगातार सुर्खियों में बने हुए है। यूट्यूब शो इंडियाज गॉट लैटेंट के एक प्रोग्राम में अपने द्वारा दिए गए विवादित बयान के बाद रणवीर अलाहबादिया विवादों में घिर गए थे। विवादास्पद यूट्यूब शो इंडियाज गॉट लैटेंट को लेकर विवादों में घिरे कंटेंट क्रिएटर्स गुरुवार को राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) के समक्ष पेश हुए है। रणवीर ने विवाद शुरू होने के बाद से लगातार कार्यक्रम में दिए गए बयानों पर खेद व्यक्त किया है। शुक्रवार को भी एनसीडब्ल्यू के सामने उन्होंने अपने शब्दों के प्रति सचेत रहने का वचन दिया है। ये जानकारी एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने शुक्रवार को दी है। इस यूट्यूब शो में शामिल कंटेंट क्रिएटर्स में यूट्यूबर-पॉडकास्टर रणवीर अल्लाहबादिया, अपूर्व मुखीजा उर्फ 'द रिबेल किड', कॉमेडियन समय रैना, जो इंडियाज गॉट लैटेंट शो का नेतृत्व करते हैं, और जसप्रीत सिंह के साथ आशीष चंचलानी ने हिस्सा लिया था। इंडियाज गॉट लैटेंट के इस एपिसोड ने विवाद खड़ा कर दिया था, जब रणवीर इलाहाबादिया ने माता-पिता और सेक्स पर टिप्पणी की थी और अपूर्वा मुखीजा के कुछ बयानों की आलोचना हुई थी। समाचार एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि शो के निमार्ता सौरभ बोथरा और तुषार पुजारी और कॉमेडियन जसप्रीत सिंह और यूट्यूबर आशीष चंचलानी के वकील भी पैनल के सामने पेश हुए। एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए, एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष विजया राहतकर ने कहा कि शो में उन्होंने जिस अश्लील भाषा का इस्तेमाल किया है वह बिल्कुल अभद्र है।

> विवादास्पद यूट्यूब शो इंडियाज गॉट लैटेंट को लेकर विवादों में घिरे कंटेंट क्रिएटर्स गुरुवार को राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) के समक्ष पेश हुए है। रणवीर ने विवाद शुरू होने के बाद से लगातार कार्यक्रम में दिए गए बयानों पर खेद व्यक्त किया है। शुक्रवार को भी एनसीडब्ल्यू के सामने उन्होंने अपने शब्दों के प्रति सचेत रहने का वचन दिया है।

सम्पादकीय

मतदाताओं की पहचान, ईपिक संख्या एक जैसी होने की समस्या से मिलेगी मुक्ति

यह तर्क खोखला ही अधिक है कि इससे निजता के अधिकार का उल्लंघन होगा। आखिर ऐसा तो है नहीं कि इससे यह पता चल जाएगा कि किसने किसको वोट दिया ? हालांकि चुनाव आयोग ने अलग-अलग राज्यों में एक जैसी ईपिक संख्या को लेकर उठे संदेह का समाधान कर दिया है लेकिन उचित यह होगा कि उसे मतदाता पहचान पत्रों को आधार कार्ड से जोड़ने का अधिकार प्रदान किया जाए ।यह सराहनीय है कि चुनाव आयोग मतदाताओं को विशिष्ट पहचान प्रदान करने की पहल कर रहा है। इससे अलग-अलग राज्यों में मतदाता फोटो पहचान पत्र यानी ईपिक संख्या एक जैसी होने की समस्या से तो मुक्ति मिलेगी ही, किसी मतदाता के अन्यत्र कहीं बस जाने पर उसका पता लगाना भी आसान होगा, लेकिन इसके साथ ही ऐसी व्यवस्था करना भी समय की मांग है कि यदि कोई मतदाता अपने आवास स्थल से अन्यत्र कहीं हो तो वहां भी मताधिकार का उपयोग कर सके। ऐसी व्यवस्था बनाना इसलिए आवश्यक हो गया है, क्योंकि अब एक बड़ी संख्या में लोग काम-धंधे, पढ़ाई के सिलसिले में दूसरी जगह जाते हैं। इनमें बड़ी संख्या में ऐसे लोग होते हैं, जो वहां अस्थायी तौर पर रहने लगते हैं। ऐसे लोग चुनावों के दौरान मताधिकार का उपयोग तभी कर सकते हैं, जब वे वोट देने के लिए वहां लौटें, जहां वे मतदाता के रूप में दर्ज हों। चूंकि सबके लिए ऐसा करना संभव नहीं होता, इसलिए वे चाहकर भी वोट नहीं कर पाते। इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि वोट प्रतिशत कम रहने का एक कारण यह भी है। अब जब एक साथ चुनाव की दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं, तब यह सोचा ही जाना चाहिए कि मतदाता देश में कहीं से भी मतदान कैसे कर सकते हैं ? इसके लिए आवश्यक हो तो मतदाता पहचान पत्रों को आधार कार्ड से जोड़ा जाना चाहिए। अभी यह व्यवस्था स्वैच्छिक है। एक समय मतदाता पहचान पत्रों को आधार कार्ड से जोड़ने की पहल की गई थी, लेकिन कुछ राजनीतिक दलों ने इस पर आपत्ति उठा दी और एक जरूरी पहल थम गई। समझना कठिन है कि कुछ दलों को मतदाता पहचान पत्रों को आधार कार्ड से जोड़ने पर आपत्ति क्यों है ? आखिर मताधिकार को सुगम-सुलभ बनाने में अड़ंगा लगाने का क्या औचित्य ?यदि पारदर्शिता लाने और फजीर्वाड़ा रोकने के लिए स्थायी खाता संख्या अर्थात पैन कार्ड और मोबाइल सिम समेत अन्य दस्तावेजों को आधार से जोड़ा जा सकता है तो मतदाता पहचान पत्रों को क्यों नहीं जोड़ा जाना चाहिए और वह भी तब, जब इससे फर्जी वोटरों का पता लगाने में मदद मिलेगी ? जो काम फर्जी मतदान रोकने में सहायक हो सकता है, उसके विरोध का कोई तार्किक आधार नहीं दिखता।

आज का विचार

राशिफल

मेष : मेष राशि के जातकों के लिए दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है. दांपत्य जीवन में चल रही समस्याएं आपकी टेंशनों को बढ़ाएंगी. व्यापार में आप किसी के साथ कोई पार्टनरशिप करने से बचे।

वृषभ राशि: वृषभ राशि के जातकों के लिए आज दिन पारिवारिक जीवन में चल रही समस्याओं से छुटकारा दिलाएगा. माता जी को कोई धन संबंधित समस्या थी, तो वह भी दूर होगी. जीवन साथी को कार्यक्षेत्र में कोई प्रमोशन मिलने की संभावना है.

मिथुन राशि: मिथुन राशि के जातकों को आज शासन व सता का पूरा लाभ मिलेगा. कोई सरकारी काम यदि रुका हुआ था, तो उसके भी पूरे होने की संभावना है. आप किसी यात्रा पर जा सकते हैं.

कर्क राशि :कर्क राशि के जातकों के लिए आज दिन मिला जुला रहने वाला है. रोजगार की तलाश में लगे लोगों को कोई अच्छी नौकरी की प्राप्ति हो सकती है. आपकी कुछ नया करने की इच्छा जागृत हो सकती हैं.

सिंह राशि: सिंह राशि के जातकों के लिए आज दिन उत्तम संपत्ति का संकेत दे रहा है. आपको कार्य क्षेत्र में कामों को लेकर योजना बनाकर चलने की आवश्यकता है. कोई कानूनी मामला आपके लिए बेहतर रहेगा

कन्या राशि: कन्या राशि के जातकों के लिए आज मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है. आपको कार्य क्षेत्र में किसी काम के लिए पुरस्कार मिल सकता है. आपको यदि कोई टेंशन चल रही थी, तो वह भी दूर होगी. आप किसी काम को लेकर लापरवाही बिल्कुल ना दिखाएं.

तुला राशि : तुला राशि के जातकों के लिए आज दिन सफलता दिलाने वाला रहेगा. सिंगल लोगों की अपने प्यार से मुलाकात हो सकती है. आप किसी से कोई ऐसी बात कह सकते हैं, जिससे उनका मन परेशान रहेगा. आप राजनीति में सोच समझकर कदम बढ़ाएं. आपके पिताजी आपको कामो को लेकर सलाह देंगी.

वृश्चिक राशि : वृश्चिक राशि के जातकों को अपने कामों में कुछ कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा. काम का दबाव भी अधिक रहेगा. आप अपने किसी मित्र के घर दावत पर जा सकते हैं. पारिवारिक समस्याओं को आप नजर अंदाज न करें.

धनु राशि : धनु राशि के जातकों को आज अपने कामों पर थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है. आप अपने किसी काम को लेकर अकस्मात यात्रा पर जा सकते हैं. बिजनेस में उतार-चढ़ाव रहने के कारण आपकी समस्याएं बढ़ेंगी.

मकर राशि : मकर राशि के जातक को के लिए आज दिन मिलाजुला रहने वाला है. आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। आपको अपनी सहयोगियों से मन की बात कहने का मौका मिलेगा.

कुंभ राशि : कुंभ राशि के जातकों के लिए आज सामान्य रहने वाला है ?. आपको अपने कामों को लेकर लापरवाह बिल्कुल नहीं बरतनी नहीं है. आप दिखावे के चक्कर में आ सकते हैं. पारिवारिक जीवन में चल रही समस्याएं आज फिर से सिर उठाएंगे. आपको कामों को लेकर टेंशन अधिक रहेगी. माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा. आपको शीघ्रगामी वाहनों के प्रयोग से सावधान रहना होगा.

मीन राशि : मीन राशि के जातकों को काम के साथ-साथ अपने आराम के लिए भी समय निकालना होगा. आपके आवश्यक काम समय से पूरे होंगे, लेकिन आप किसी की कही सुनी बातों में आकर कहीं लड़ाई झगड़े में पढ़ सकते हैं. माताजी आपको कोई जिम्मेदारी देंगी, जैसे आप पूरी अवश्य करेंगे. विद्यार्थियों को पढ़ाई लिखाई को लेकर लापरवाही बिल्कुल नहीं बरतनी है. आपकी किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी.

ज्योतिष सेवा केन्द्र
ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

नफरत पैदा करने वाली विचारधारा, मजहबी भेदभाव से मिलनी चाहिए मुक्ति

> भारत में एक फिल्मी परिवार ने अपने बेटे का नाम तैमूर रखा जो इसका प्रमाण है कि क्रूर आक्रांताओं को गौरवान्वित करने की मानसिकता आज भी जीवित है। वर्ष 1398 में तैमूर ने भारत पर आक्रमण केवल इसलिए किया था क्योंकि वह मानता था कि तत्कालीन मुस्लिम शासक हिंदुओं के प्रति उतना क्रूर नहीं थे जितना एक काफिर के साथ किया जाना चाहिए।

स्वास्थ्यकर्मियों को जीवन बचाने वाला और ईश्वर के प्रतिरूप की संज्ञा दी जाती है, लेकिन बीते दिनों ऑस्ट्रेलिया में स्वास्थ्यकर्मियों की एक करतूत ने इस पेशे को कलंकित करने का काम किया। इस मामले से जुड़े स्वास्थ्यकर्मी केवल मजहबी कारणों से एक वर्ग विशेष के रोगियों के साथ भेदभाव की बात गौरवान्वित होकर स्वीकार रहे हैं। वे नफरत की आग में उपचाराधीन यहूदी रोगियों को जान से मारने का भी दावा कर रहे हैं। आखिर मजहब के नाम पर मानवों को प्रताड़ित करने के पीछे यह कौन सा जहरीला दर्शन है? यह वाकया ऑस्ट्रेलिया के सिडनी स्थित बैंक्सटाउन अस्पताल का है। वहां कार्यरत दो मुस्लिम नर्सों (महिला सहित) द्वारा 11 फरवरी को ढाई मिनट के वीडियो चैट में एक इजरायली व्यक्ति से संवाद में दिखाया गया। इसमें पुरुष चिकित्साकर्मी कहता है, ङ्कमैं इससे अत्यंत व्यथित हूं कि आप इजरायल से हैं, आपको मरना ही होगा।ङ्घ इसमें स्वास्थ्यकर्मी स्वीकार करते हैं कि उन्होंने उपचाराधीन कई यहूदी मरीजों को जहन्नुम भेजा है। अर्थात मौत के घाट उतारा है। पिछले एक साल से ऑस्ट्रेलिया में गैर-मुस्लिम विशेषकर यहूदी-विरोधी भावनाओं में एकाएक वृद्धि हुई है। समुदाय से जुड़े लोगों के घरों, कार्यालयों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ की कई खबरें आई हैं। इसमें एक स्कूल और दो सिनेगाग (यहूदी पूजास्थल) को आग के हवाले तक कर दिया गया था। यहूदियों से घृणा केवल ऑस्ट्रेलिया तक सीमित

नहीं। अमेरिका और यूरोपीय देशों में भी कुछ समय से ऐसे मामलों में वृद्धि हुई है। नीदरलैंड की राजधानी एम्सटर्डम में गत सात नवंबर को एक फुटबाल मैच के दौरान यहूदियों को फलस्तीन समर्थकों द्वारा निशाना बनाया गया। वित्त वर्ष 2022-23 के बीच नीदरलैंड में यहूदियों पर हमलों में 245 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इसी अवधि में ब्रिटेन में 550 यहूदी-विरोधी घटनाएं दर्ज हुई थीं। फ्रांस और अन्य यूरोपीय देश भी इससे अछूते नहीं हैं। कथित तर्कवादी हालिया यहूदी-विरोधी घटनाओं को फलस्तीन समर्थक आतंकी संगठन हमास द्वारा अक्टूबर 2023 में इजरायल पर घातक जिहादी हमले और प्रतिक्रियास्वरूप उस पर गाजा-पट्टी पर इजरायली सैन्य कार्रवाई से जोड़कर देखते हैं। इसके उलट वास्तविकता यही है कि यहूदियों को किसी एक हालिया घटना से नहीं, बल्कि उन्हें मजहबी आधार पर चौथी शताब्दी से ईसाइयत और फिर आठवीं सदी में इस्लाम के उदय से सतत उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है। मध्यकालीन यूरोप में यहूदियों का मजहबी दमन और तीव्र हुआ। 1466 में तत्कालीन पोप पाल-द्वितीय के निदेर्शानुसार क्रिसमस के दिन रोम में यहूदियों को निर्वस्त्र कर सार्वजनिक रूप से अपमानित किया गया। कालांतर में यहूदी पुजारियों (रब्बियों) को विदूषक के वस्त्र पहनाकर परेड कराई जाने लगी। 25 दिसंबर, 1881 को पोलैंड के वारसा में 12 यहूदियों की भीड़ द्वारा निर्मम हत्या कर दी गई। उत्पीड़न की ऐसी अनगिनत घटनाएं प्रमाणित करती हैं कि यहूदी-विरोधी अभियानों ने सदियों तक यूरोप में उनके लिए एक असुरक्षित और हिंसक परिवेश बनाया, जिसे चर्च का समर्थन प्राप्त था। गहरी जड़ें जमा चुकी इसी घृणा ने 1933-45 के बीच एडोल्फ हिटलर के नेतृत्व में यहूदियों के व्यापक नरसंहार होलोकास्ट का रूप लिया। इस अवधि में लगभग 60 लाख यहूदियों की हत्या कर दी गई, जिसमें 15 लाख बच्चे भी शामिल थे। जहां यहूदियों को दुनिया भर में दमन का सामना करना पड़ता रहा है, वहीं भारतीय भी अपनी जमीन पर उत्पीड़न के शिकार होते रहे हैं। भारत में मजहबी अत्याचार की शुरूआत आठवीं शताब्दी में अरब आक्रांता मुहम्मद बिन कासिम द्वारा सिंध पर आक्रमण के साथ हुई। इस्लामी आक्रांताओं की इसी मानसिकता के वशीभूत गजनी, गौरी, खिलजी, तैमूर, तुगलक, बाबर, औरंगजेब और टीपू सुल्तान जैसे शासकों ने भारत की मूल सनातन संस्कृति, मानबिंदुओं और परंपराओं को नष्ट करने का प्रयास किया। इन आक्रांताओं के वैचारिक उत्तराधिकारी आज भी भारतीय उपमहाद्वीप में इसी जहरीले चिंतन के साथ सक्रिय हैं। इसी जिहादी मानसिकता के कारण भारत का बड़ा भाग इस्लामी नियंत्रण में चला गया, जहां हिंदू, सिख, बौद्ध और जैन किसी शरीयत व्यवस्था के अनुरूप दोयम दर्जे के नागरिक हैं। जब मध्यकाल में उत्तर-भारत इस्लामी आतंकवाद से त्रस्त था, तब 16वीं शताब्दी में दक्षिण भारत में जेसुइट मिशनरी फ्रांसिस जेवियर ने ईसाइयत के प्रचार हेतु कदम रखा। उसने गोवा इंक्विजीशन के अंतर्गत न केवल हिंदुओं, बल्कि उन ईसाइयों के खिलाफ भी हिंसक मजहबी अभियान चलाया, जो रोमन कैथोलिक चर्च की मान्यताओं-परंपराओं का पालन नहीं कर रहे थे। इसकी भयावहता को संविधान-निमार्ता बाबासाहेब आंबेडकर ने अपनी रचनाओं में उकेरा था। विडंबना है कि यह मतांतरण स्वतंत्रता के बाद सेक्युलरिज्म के नाम पर आज भी जारी है, जिसमें लालच, धोखाधड़ी और भय का सहारा लिया जाता है। यह चिंतनीय है कि स्वयं को सभ्य कहने वाले लोग घृणा फैलाने वालों को महिमामंडित करते हैं। औरंगजेब का महिमांडन इसका ताजा उदाहरण है। स्टालिन-लेनिन जैसे तानाशाहों का भी तिरस्कार नहीं किया जाता, जिनके आदेश पर लाखों निर्दोष लोगों को केवल वैचारिक मतभेद-असहमति के कारण मौत के घाट उतार दिया गया था। भारत में एक फिल्मी परिवार ने अपने बेटे का नाम तैमूर रखा, जो इसका प्रमाण है कि क्रूर आक्रांताओं को गौरवान्वित करने की मानसिकता आज भी जीवित है। वर्ष 1398 में तैमूर ने भारत पर आक्रमण केवल इसलिए किया था, क्योंकि वह मानता था कि तत्कालीन मुस्लिम शासक हिंदुओं के प्रति उतना क्रूर नहीं थे, जितना एक काफिर के साथ किया जाना चाहिए। यह कटु सत्य है कि घृणा से घृणा का ही जन्म होता है। इससे प्रेरित हिंसा का चक्र तब तक नहीं रुकेगा, जब तक उस मानसिकता से मुक्ति नहीं पा ली जाए, जो अपने सिवा अन्य सभी को अस्वीकार करती है और हेय समझती है।

सशक्त और प्रेरणादायक : विरार ईएमयू कारशेड की इंजीनियर शिवांगी सोनी ने सफलता की नई परिभाषा गढ़ी

पश्चिम रेलवे का अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष लेख

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हम उन महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाते हैं जो न केवल अपने क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त कर रही हैं, बल्कि बाधाओं को भी तोड़ रही हैं और भविष्य की पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण स्थापित कर रही हैं। इस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का विषय है ₹कार्य में गति लाना₹। ऐसी ही एक उल्लेखनीय कहानी है श्रीमती शिवांगी सोनी की, जो पश्चिम रेलवे के विरार ईएमयू कारशेड में एक सीनियर सेक्शन इंजीनियर हैं। अपनी लगन, कड़ी मेहनत और उल्लेखनीय तकनीकी विशेषज्ञता के साथ, शिवांगी एक ऐसी महिला का असाधारण उदाहरण हैं जो रेलवे क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

समर्पण और उत्कृष्टता की यात्रा

श्रीमती शिवांगी सोनी का करियर इस बात का प्रमाण है कि जुनून, दृढ़ संकल्प और बुद्धिमत्ता से सबसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में भी क्या हासिल किया जा सकता है। इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में बी.टेक पूरा करने के बाद, शिवांगी ने एक ऐसा रास्ता अपनाया, जिसमें उन्हें ईएमयू कारशेड में कुछ सबसे महत्वपूर्ण और तकनीकी प्रणालियों का प्रबंधन करना था। वह जिस क्षेत्र में काम करती हैं, वह पारंपरिक रूप से पुरुषों का वर्चस्व वाला क्षेत्र है, लेकिन उनकी हिम्मत, निर्भीकता और अथक प्रयास ने उन्हें इस माहौल में नेतृत्व की भूमिका निभाने में मदद की है। अपनी डिग्री पूरी करने के बाद, शिवांगी की अपने काम के प्रति प्रतिबद्धता ने उन्हें पश्चिम रेलवे की एक प्रमुख परिचालन इकाई, विरार ईएमयू कारशेड में जूनियर इंजीनियर के प्रतिष्ठित पद पर पहुँचाया। उनके पास जो ज़िम्मेदारी है, वह उन प्रणालियों की जटिलता और महत्वपूर्ण प्रकृति को देखते हुए बहुत बड़ी है, जिनकी वह देखरेख करती हैं।

जटिल प्रणालियों का उत्कृष्टता के साथ प्रबंधन

शिवांगी की भूमिका में यह सुनिश्चित करना शामिल है कि स्वचालित चेतावनी प्रणाली (अहर), जो ट्रेनों में एक आवश्यक सुरक्षा तंत्र है, बिना किसी त्रुटि के काम करे, दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ट्रेन ऑपरेटरों को वास्तविक समय पर अलर्ट प्रदान करे। वह यात्री घोषणा और सूचना प्रणाली (PAPIS) का प्रबंधन भी करती है, यह सुनिश्चित करते हुए कि यात्रियों को ट्रेन शेड्यूल और सुरक्षा जानकारी से संबंधित नवीनतम अपडेट के बारे में जानकारी मिलती रहे। इसके अतिरिक्त, शिवांगी यह सुनिश्चित करती हैं कि CCTV निगरानी प्रणाली को बनाए रखा जाए और चालू रखा जाए, जिससे ट्रेनों में सवार यात्रियों और कर्मचारियों दोनों की सुरक्षा की गारंटी हो ।इन प्रणालियों को संभालने में उनका ज्ञान और विशेषज्ञता उनकी गहरी तकनीकी समझ और अत्यधिक परिष्कृत इंजीनियरिंग समाधानों के संचालन को प्रबंधित करने की क्षमता को दशार्ती है। शिवांगी ईएमयू रेक को सुचारू, सुरक्षित और कुशलता से चलाने में एक महत्वपूर्ण कड़ी बन गई हैं। उनका काम न केवल ट्रेनों के सुचारू संचालन में मदद करता है, बल्कि अन्य महत्वाकांक्षी इंजीनियरों, विशेष रूप से महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है, जो बाधाओं को तोड़कर तकनीकी क्षेत्रों में करियर बनाना चाहते हैं।

बाधाओं को तोड़ना और भावी पीढ़ियों को प्रेरित करना

उनकी यात्रा इस बात का उदाहरण है कि जब STEM (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) के क्षेत्र में महिलाएं चुनौतियों का डटकर सामना करती हैं तो क्या संभव है। एक ऐसे पेशे में जहां महिलाओं को अक्सर कम प्रतिनिधित्व दिया जाता है, वह प्रेरणा की किरण के रूप में खड़ी हैं, यह दिखाते हुए कि कड़ी मेहनत, समर्पण और स्पष्ट दृष्टि से कुछ भी संभव है। एक लीडर के रूप में अपनी जिम्मेदारियों के साथ बेहद तकनीकी और महत्वपूर्ण भूमिका से जुड़ी मांगों को संतुलित करने की उनकी क्षमता उनकी उल्लेखनीय बहुमुखी प्रतिभा को दशार्ती है।अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शिवांगी की कहानी उन सभी महिलाओं के लिए एक प्रोत्साहन का काम करेगी, जो पारंपरिक रूप से पुरुषों के वर्चस्व वाले क्षेत्रों, खासकर इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी में काम करने की इच्छा रखती हैं। उनकी सफलता इस बात का सबूत है कि एक महिला होने को कभी भी सफलता के लिए बाधा नहीं मानना चाहिए और दृढ़ संकल्प के साथ महिलाएं रेलवे सहित किसी भी उद्योग में गहरा प्रभाव डाल सकती हैं।

चिंता और चिंतन के अंतर को समझने का महत्व

संजीव स्तंभकार

निराशा और चिंता मनुष्य के जीवन की प्रगति के बड़े बाधक हैं निराशा को तत्काल विचारों से अलग करें और चिंता को अपने मस्तिष्क में ना आने दे अन्यथा अत्यधिक चिंता व्यक्ति को चिता तक ले जाने में देर नहीं करती है अतः सकारात्मक सोच के साथ चिंतन, नवीन संकल्प और दृढ़ निश्चय रखकर जीवन के पथ में अग्रसर हों मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। वैसे जीवन में दुष्कर, कठिन कार्य को पहले चुनना चाहिए जिससे पूरी शक्ति एवं उर्जा लगाकर हम उसे प्राप्त कर सके कठिन कार्य से घबराकर उससे पलायन करना निराशा को जन्म देता है निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अतः निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता है जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं ।यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैं सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैं मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता है यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है

मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिएइसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही है ऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है। भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत,ज्ञानेश्वर तुकाराम,मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम,खुसरो, गांधी,नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था।

देश से भी ज्यादा तेजी से विकास कर रहा है महाराष्ट्र

●देश से कहीं ज्यादा तेजी से महाराष्ट्र विकास कर रहा है। इसका प्रमाण शुक्रवार को विधान मंडल के दोनों सदनों में पेश किया गया आर्थिक सर्वे रिपोर्ट है। साल 2024-25 में राज्य की अर्थव्यवस्था में 7.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है, जबकि देश की अर्थव्यवस्था में 6.5 फीसदी की वृद्धि का अनुमान है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः देश से कहीं ज्यादा तेजी से महाराष्ट्र विकास कर रहा है। इसका प्रमाण शुक्रवार को विधान मंडल के दोनों सदनों में पेश किया गया आर्थिक सर्वे रिपोर्ट है। साल 2024-25 में राज्य की अर्थव्यवस्था में 7.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है, जबकि देश की अर्थव्यवस्था में 6.5 फीसदी की वृद्धि का अनुमान है। देश की तुलना में राज्य की इकोनॉमी में वृद्धि 0.8 प्रतिशत अधिक रहने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2024-25 में कृषि और इससे जुड़ी गतिविधियों, उद्योग और सेवा क्षेत्रों में क्रमशः 8.7 प्रतिशत, 4.9 प्रतिशत और 7.8 प्रतिशत की दर से वृद्धि होने की उम्मीद है। साल 2024-25 में राज्य की अनुमानित सकल आय 45,31,518 करोड़ रुपये का अनुमान है। साल 2011-12 की स्थिर कीमत के अनुसार सकल राज्य आय 26,12,263 करोड़ रुपये है। इस साल वर्ष 20,051 करोड़ रुपये के राजस्व घाटा होने का अनुमान है। समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राज्य में प्रति व्यक्ति आय 3,09,340 रुपये रहने का अनुमान है, जबकि 2023-24 के लिए 2,78,681 रुपये रही थी। साल 2024-25 में राज्य पर कर्ज पिछले साल की तुलना में 10.1 फीसदी अपेक्षित है।

मैं उद्धव ठाकरे नहीं हूं!' एकनाथ शिंदे का जिक्र करते हुए देवेंद्र फडणवीस ने बोला हमला, विधायकों ने की हूटिंग

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर शुक्रवार को कटाक्ष करते हुए कहा कि वह उनकी (ठाकरे) तरह नहीं हैं जो चल रही परियोजनाओं पर रोक लगा दें। राज्य विधानमंडल के संयुक्त सत्र में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के अभिभाषण के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कही।

●फडणवीस ने परियोजनाओं पर रोक लगाने के आरोपों को खारिज किया

●फडण्वीस बोले – महायुति सरकार ने 100 दिन की कार्ययोजना तैयार की

●शिंदे के फैसले अकेले उनके नहीं, वे मेरी और अजित पवार की भी जिम्मेदारी

मुंबईः महाराष्ट्र के राजनीतिक गलियारे से लगातार खबरें आ रही हैं कि मुख्यमंत्री पद छोड़कर उपमुख्यमंत्री बनने के बाद से एकनाथ शिंदे नाखुश हैं। सत्ता गठन, पोर्टफोलियो आवंटन और संरक्षक मंत्री पदों को लेकर बीजेपी और शिवसेना के बीच काफी खींचतान हुई। इसके बाद खबरें आने लगीं कि पिछली सरकार की योजनाओं और परियोजनाओं को ठंडे बस्ते में डाला जा रहा है। इसलिए मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के बीच शीत युद्ध की बातें होने लगीं। शुक्रवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानमंडल के बजट सत्र में इन सब पर टिप्पणी की। उन्होंने मीडिया में आ रही खबरों की सुर्खियों का हवाला देते हुए यह सब समझाया।

फडणवीस ने क्या कहा?

'हाल के दिनों में यह हमारी मीडिया की पसंदीदा खबर बन गई है। कुछ ऐसा हुआ कि फडणवीस ने शिंदे की परियोजना को रोक दिया। इस पर फडणवीस ने कहा कि सबसे पहले, याद रखिए कि मैं उद्धव ठाकरे नहीं हूं जो चलती योजनाओं को बंद कर दूं। इस पर उनके पीछे बैठे महायुति विधायकों ने जोरदार हूटिंग की। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि एकनाथ शिंदे के मुख्यमंत्री रहते हुए लिए गए फैसले अकेले उनके नहीं थे। वे मेरी और अजित पवार की भी जिम्मेदारी थे।

आरोपों को किया खारिज

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी), शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) की महायुति सरकार समन्वय से काम करती है और गठबंधन के सभी नेता निर्णय लेने में शामिल होते हैं। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि मीडिया में गुणवत्तापूर्ण समाचारों और विपक्षी दलों की ओर से गुणवत्तापूर्ण आलोचना का अभाव है। उन्होंने परियोजनाओं पर रोक लगाने के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि यहां तक कि अगर कोई संभागीय आयुक्त किसी योजना अथवा परियोजना पर रोक लगाता है, यदि वह केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों को पूरा नहीं करती है, तो ऐसा कहा जाता है कि मैंने रोक लगा दी है।फडणवीस ने कहा कि पिछले साल विधानसभा चुनाव में महायुति को भारी जनादेश मिला था। उन्होंने कहा कि लोगों ने महायुति में अपना भरोसा जताया है

फास्ट ट्रैक

कसारा स्टेशन पर दिनांक 08.03.2025 (शनिवार) और 09.03.2025 (रविवार) को आरओबी गर्डर (चरण-क) की लॉन्चिंग के लिए विशेष यातायात और पावर ब्लॉक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल कसारा स्टेशन पर दिनांक 08.03.2025 (शनिवार) और 09.03.2025 (रविवार) को आरओबी गर्डर (चरण-क) की लॉन्चिंग के लिए विशेष यातायात और पावर ब्लॉक परिचालित करेगा, विवरण इस प्रकार हैः पहला ब्लॉक दिनांक 08.03.2025 (शनिवार) को कसारा स्टेशन की सीमा के भीतर अप और डाउन नॉर्थ ईस्ट लाइनों पर 11.40 बजे से 12.10 बजे तक रहेगा। दूसरा और तीसरा ब्लॉक दिनांक 09.03.2025 (रविवार) को 11.40 बजे से 12.10 बजे तक और 16.00 बजे से 16.25 बजे तक कसारा स्टेशन की सीमा के भीतर अप और डाउन नॉर्थ ईस्ट लाइनों पर रहेगा। ब्लॉक के कारण उपनगरीय ट्रेनों का शॉर्ट टर्मिनेशन/ओरिजिनेशनदिनांक 08.03.2025 (शनिवार) और 09.03.2025 (रविवार) को 09.34 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से छूटने वाली कसारा लोकल (एन-11) को आसनगांव में शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा। दिनांक 09.03.2025 (रविवार) को 13.10 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से छूटने वाली कसारा लोकल (एन-19) को कल्याण में शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा। दिनांक 08.03.2025 (शनिवार) और 09.3.2025 (रविवार) को कसारा से 11.10 बजे प्रस्थान करने वाली छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (ठ-16) के लिए लोकल ट्रेन आसनगांव से ओरिजनेट होगी। दिनांक 09.3.2025 (रविवार) को कसारा से 16.16 बजे प्रस्थान करने वाली छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (ठ-26) के लिए लोकल ट्रेन कल्याण से ओरिजनेट होगी। ये रखरखाव मेगा ब्लॉक बुनियादी ढांचे के रखरखाव और संरक्षा के लिए आवश्यक हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि वे इस असुविधा के लिए रेलवे प्रशासन को सहयोग करें।

ब्लॉक के कारण मुंबई सेंट्रल-खातीपुरा स्पेशल आंशिक रूप से निरस्त

मुंबई, उत्तर पश्चिम रेलवे के भांवसा-नारायणा-सखुन खंड में ऑटोमेटिक ब्लॉक सिगनलिंग की व्यवस्था करने के लिए रविवार, 9 मार्च 2025 को ब्लॉक लिया जाएगा। इसके कारण ट्रेन संख्या 09001/09002 मुंबई सेंट्रल-खातीपुरा स्पेशल आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार ट्रेन का विवरण इस प्रकार हैः

09001/09002 मुंबई सेंट्रल-खातीपुरा स्पेशलः

1. ट्रेन संख्या 09001 मुंबई सेंट्रल-खातीपुरा स्पेशल 08 मार्च, 2025 को प्रस्थान कर अजमेर में शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा अजमेर एवं खातीपुरा स्टेशनों के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

2. ट्रेन संख्या 09002 खातीपुरा-मुंबई सेंट्रल स्पेशल 09 मार्च, 2025 को अजमेर से ओरिजिनेट होगी तथा खातीपुरा एवं अजमेर के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

सूरत स्टेशन का पुनर्विकास कार्य तेजी से प्रगति की ओर सूरत स्टेशन से ओरिजिनेट/टर्मिनेट ट्रेनों के टर्मिनल में अस्थायी बदलाव को 31 मार्च, 2025 तक विस्तारित किया गया

मुंबई, सूरत स्टेशन का पूर्ण रूप से कायाकल्प हो रहा है और इसे विश्वस्तरीय स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। वर्तमान में, सूरत स्टेशन पुनर्विकास के संबंध में प्लेटफॉर्म नंबर 2 और 3 (फेज-कक) पर कॉनकोर्स का काम चल रहा है। इसे देखते हुए जिस ब्लॉक की शुरूआत 08 मार्च, 2025 तक की गई थी, उसे अब 31 मार्च, 2025 तक विस्तारित कर दिया गया है। तदनुसार, सूरत रेलवे स्टेशन से शुरू होने वाली/प्रस्थान करने वाली कुछ ट्रेनों के टर्मिनल में परिवर्तन, जिसे अस्थायी रूप से उधना में स्थानांतरित कर दिया गया था, को आगे बढ़ा दिया गया है और यह जारी रहेगा। इसी प्रकार, उधना, भेस्तान और नवसारी स्टेशनों से शॉर्ट टर्मिनेट/ओरिजिनेट होने वाली कुछ मेमू/पैसेंजर ट्रेनों की समय-सीमा भी 31 मार्च, 2025 तक बढ़ा दी गई है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, टर्मिनल के परिवर्तन से परिचालन में सुगमता, सूरत स्टेशन पर कंजेशन में कमी, यात्री सेवाओं में वृद्धि और उन्नयन संभव तथा सूरत में चल रही बुनियादी ढांचा परियोजना का तेजी से क्रियान्वयन संभव होगा। प्रभावित ट्रेनों का विवरण और संशोधित समय अनुलग्नक I, II, III, IV, V, VI और VII में संलग्न है। विवरण पश्चिम रेलवे की आधिकारिक वेबसाइटwr.indianrailways.gov.in पर भी अपलोड किया गया है।

माटुंगा स्टेशनः भारतीय रेलवे में महिला सशक्तिकरण की एक मिसाल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

महिला सशक्तिकरण को सार्वजनिक सेवा में दक्षता के साथ जोड़ने वाली एक उल्लेखनीय पहल में, मध्य रेल के माटुंगा स्टेशन ने देश में पहली बार पूरी तरह से महिला कर्मचारियों वाले स्टेशन के रूप में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर स्थापित किया है। मध्य रेल द्वारा यह अग्रणी प्रयास जुलाई 2017 में शुरू किया गया था। इस अभूतपूर्व उपलब्धि के सम्मान में, माटुंगा स्टेशन ने महिलाओं द्वारा पूरी तरह से प्रबंधित स्टेशन के रूप में लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स 2018 में स्थान प्राप्त कियामाटुंगा का पूरी तरह से महिला स्टेशन में रूपांतरण सशक्तिकरण और समावेशन का एक अनुकरणीय मॉडल है। 16 बुकिंग क्लर्क, 9 टिकट चेकर, 6 ऑपरेटिंग स्टाफ, आरपीएफ (रेलवे सुरक्षा बल) कर्मियों, पॉइंट्समैन और सफाई कर्मचारियों सहित 32 महिला कर्मचारियों की एक टीम अब स्टेशन के संचालन के हर पहलू का प्रबंधन करती है। इसमें टिकटिंग को संभालना, संरक्षा सुनिश्चित करना, परिचालन का प्रबंधन करना और स्टेशन का रखरखाव करना जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ शामिल हैं।यह पहल न केवल महिलाओं को सशक्त बनाती है, बल्कि ऐसा माहौल भी बनाती है जहाँ उन्हें निर्णय लेने की स्वायत्तता मिलती है, जिससे स्टेशन के सुचारू संचालन में योगदान देते हुए उनकी व्यक्तिगत और व्यावसायिक भूमिका सुदृढ़ होती है।टीम श्रीमती सारिका सावंत, स्टेशन प्रबंधक के नेतृत्व में काम करती है, जो खुद एक मिशाल (उदाहरण) हैं। सावंत ने स्टेशन के प्रबंधन, दक्षता और परिचालन उत्कृष्टता सुनिश्चित करने में अनुकरणीय समर्पण और नेतृत्व का प्रदर्शन किया है।श्रीमती मनाली पाटिल मुख्य टिकट निरीक्षक हैं, और महिला टिकट-जांच कर्मचारियों की उनकी टीम यह सुनिश्चित करती है कि स्टेशन पर सभी यात्री नियमों और विनियमों का पालन करें। उनके बेहतरीन प्रयास अनुशासन और व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, जिससे यात्रियों के लिए एक सुरक्षित और सुचारू यात्रा अनुभव प्रदान करने की प्रतिबद्धता को बल मिलता है।

जब से सभी महिलाओं की टीम ने कार्यभार संभाला है, स्टेशन का संचालन सुचारू रूप से चल रहा है, जिसके सकारात्मक और उत्साहजनक परिणाम मिल रहे हैं। महिला कर्मचारियों ने अपनी जिम्मेदारियों को कुशलता से निभाया है, जिससे यह साबित होता है कि सही समर्थन और सशक्तिकरण के साथ, महिलाएं सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकती हैं, जिसमें पारंपरिक रूप से पुरुष-प्रधान क्षेत्र जैसे रेलवे परिचालन शामिल हैं।यह पहल केवल रोजगार के बारे में नहीं है; यह एक ऐसा माहौल बनाने की व्यापक दृष्टि का प्रतिनिधित्व करती है जो महिलाओं को नेतृत्व करने, निर्णय लेने और संगठन द्वारा निरंतर विकास सुनिश्चित करते हुए संचालन को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए प्रोत्साहित करती है। यह अन्य संस्थानों और संगठनों के लिए प्रेरणा का एक प्रकाश स्तंभ के रूप में कार्य करता है, जो दर्शाता है कि सार्वजनिक सेवा और बुनियादी ढाँचे के प्रबंधन में महिलाएँ महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।माटुंगा स्टेशन की सफलता मध्य रेल के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है और यह इस बात का एक शानदार उदाहरण है कि कैसे महिला नेतृत्व भारत में सार्वजनिक परिवहन के भविष्य को आकार दे सकतीं है।

सोगरिया से निजामुद्दीन के मध्य चलेगी दो-दो ट्रिप होली स्पेशल ट्रेन

●पमरे के सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, हिंडौन सिटी, बयाना एवं भरतपुर स्टेशनों पर ठहराव

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

जबलपुर । रेल प्रशासन द्वारा होली त्योहार में अतिरिक्त यात्री भीड़ को क्लीयर करने के उद्देश्य से सोगरिया से गाड़ी सं 02981/02982 सोगरिया-हजरत निजामुद्दीन-सोगरिया के मध्य होली स्पेशल ट्रेन को चलाने का निर्णय लिया गया है। इस गाड़ी में विभिन्न दर्जे के कुल 20 कोच होंगे। होली स्पेशल ट्रेन के संचालन से यात्रियों को इस त्योहारी सीजन में अग्रिम आरक्षण का लाभ एवं भीड़ से राहत मिल सकेगा। गाड़ी संख्या 02981/02982 सोगरिया-हजरत निजामुद्दीन-सोगरिया के मध्य स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओ में द्विसाप्ताहिक रूप में सोगरिया से दिनाक 13 एवं 15 मार्च को एवं हजरत निजामुद्दीन से दिनाक 14 एवं 16 मार्च को 02-02 ट्रिप चलेगी। गाड़ी सं 02981 सोगरिया से गुरूवार व शनिवार रात 21.00 बजे प्रस्थान कर सवाई माधोपुर 22.33 बजे, गंगापुर सिटी 23.18 बजे, हिंडौन सिटी 23.50 बजे, बयाना 00.18 बजे, भरतपुर 00.53 बजे, मथुरा 02.00 बजे आगमन कर अगले दिन 04.55 बजे हजरत निजामुद्दीन पहुँचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी सं 02982 हजरत निजामुद्दीन से शुक्रवार व रविवार सुबह 06.00 बजे प्रस्थान कर मथुरा 08.20 बजे, भरतपुर 08.53 बजे, बयाना 09.23 बजे, हिंडौन सिटी 09.48 बजे, गंगापुर सिटी 10.23 बजे, सवाई माधोपुर 11.13 बजे बजे आगमन कर दोपहर 13.10 बजे सोगरिया पहुँचेगी। गाड़ी का ठहराव- यह गाड़ी दोनों दिशाओं में सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, हिंडौन सिटी, बयाना, भरतपुर एवं मथुरा स्टेशनों पर रुकेगी । यात्री सुविधा का लाभ लेते हुए होली स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी रेल मदद 139 अथवा एनटीईएस ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर सकते है।

रविवार दिनांक 09.03.2025 को मध्य रेल पर मेगा ब्लॉक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल, मुंबई मंडल दिनांक 09.03.2025 को अपने उपनगरीय खंडों पर विभिन्न इंजीनियरिंग और रखरखाव कार्यों को पूरा करने के लिए मेगा ब्लॉक परिचालित करेगा, विवरण इस प्रकार हैः

माटुंगा - मुलुंड अप और डाउन फास्ट लाइन सुबह 11.15 बजे से दोपहर 3.45 बजे तक

छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मुंबई से सुबह 10.56 बजे से दोपहर 3.10 बजे तक छूटने वाली डाउन फास्ट लाइन सेवाओं को माटुंगा स्टेशन पर डाउन स्लो लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा, जो माटुंगा और मुलुंड स्टेशनों के बीच अपने संबंधित ठहराव के अनुसार रुकेंगी और अपने गंतव्यस्थान पर निर्धारित समय से 15 मिनट देरी से पहुंचेंगी।

ठाणे से आगे की फास्ट ट्रेनें मुलुंड स्टेशन पर डाउन फास्ट लाइन पर फिर से डायवर्ट की जाएंगी

ठाणे से सुबह 11.03 बजे से दोपहर 3.38 बजे तक छूटने वाली अप फास्ट लाइन की सेवाएं मुलुंड स्टेशन पर अप स्लो लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी, जो मुलुंड और माटुंगा स्टेशनों के बीच अपने-अपने ठहराव के अनुसार रुकेंगी और माटुंगा स्टेशन पर अप फास्ट लाइन पर फिर से डायवर्ट की जाएंगी और अपने गंतव्य पर निर्धारित समय से 15 मिनट देरी से पहुंचेंगी

छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस और चूनाभट्टी/बांद्रा के बीच अप और डाउन हार्बर लाइनें सुबह 11.10 बजे से शाम 4.40 बजे तक

छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से सुबह 11.16 बजे से शाम 4.47 बजे तक वाशी/बेलापुर/पनवेल के लिए प्रस्थान करने वाली डाउन हार्बर लाइन सेवाएं तथा छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से सुबह 10.48 बजे से शाम 4.43 बजे तक बांद्रा/गोरेगांव के लिए प्रस्थान करने वाली डाउन सेवाएं रद्द रहेंगी। पनवेल से सुबह 9.53 बजे से दोपहर 3.20 बजे तक छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के लिए पनवेल/बेलापुर/वाशी से अप हार्बर लाइन सेवाएं तथा बांद्रा से सुबह 10.45 बजे से शाम 5.13 बजे तक छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के लिए गोरेगांव/बांद्रा से अप सेवाएं रद्द रहेंगी। हालांकि, ब्लॉक अवधि के दौरान पनवेल -कुर्ला - पनवेल के बीच विशेष सेवाएं चलेंगी। हार्बर लाइन के यात्रियों को सुबह 10.00 बजे से शाम 6.00 बजे तक मेन लाइन और वेस्टर्न लाइन स्टेशनों से यात्रा करने की अनुमति है ये रखरखाव मेगा ब्लॉक बुनियादी ढांचे के रखरखाव और संरक्षा के लिए आवश्यक हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि वे इससे होने वाली असुविधा के लिए रेलवे प्रशासन को सहयोग करें

पश्चिम रेलवे पर रविवार, 9 मार्च, 2025 को दिवसकालीन ब्लॉक नहीं

पश्चिम रेलवे का वसई रोड एवं भायंदर स्टेशनों के बीच रात्रिकालीन ब्लॉक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा रेलपथ, सिगनलिंग प्रणाली तथा ऊपरी उपस्करों के रख-रखाव हेतु शनिवार/रविवार अर्थात 8/9 मार्च, 2025 की मध्यरात्रि को वसई रोड एवं भायंदर स्टेशनों के बीच अप फास्ट लाइन पर 23.30 बजे से 03.00 बजे तक तथा डाउन फास्ट लाइन पर 01.15 बजे से 04.45 बजे तक जम्बो ब्लॉक लिया जायेगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार ब्लॉक अवधि के दौरान अप एवं डाउन फास्ट लाइन की सभी ट्रेनों को विरार से भायंदर/बोरीवली स्टेशनों के बीच धीमी लाइनों पर चलाया जायेगा।ब्लॉक अवधि के दौरान अप एवं डाउन दिशा की कुछ उपनगरीय ट्रेनें निरस्त रहेंगी। इस ब्लॉक के बारे में विस्तृत जानकारी संबंधित स्टेशन मास्टरों के पास उपलब्ध है। यात्रियों से अनुरोध है कि वे यात्रा प्रारम्भ करते समय उपरोक्त व्यवस्था को ध्यान में रखें। तदनुसार, पश्चिम रेलवे के उपनगरीय खंड पर रविवार, 9 मार्च, 2025 को कोई दिवसकालीन ब्लॉक नहीं रहेगा।

पश्चिम रेलवे उधना एवं जयनगर के बीच चलाएगी होली और ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा और इस होली सीजन के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से उधना एवं जयनगर स्टेशनों के बीच विशेष किराए पर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस स्पेशल ट्रेन का विवरण निम्नानुसार हैः

ट्रेन संख्या 09031/09032 उधना - जयनगर साप्ताहिक स्पेशल [34 फेरे]

ट्रेन संख्या 09031 उधना-जयनगर स्पेशल प्रत्येक रविवार को उधना से 11.25 बजे रवाना होगी और अगले दिन 21.30 बजे जयनगर पहुंचेगी। यह ट्रेन 9 मार्च से 29 जून, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09032 जयनगर-उधना स्पेशल प्रत्येक सोमवार को जयनगर से 23.00 बजे रवाना होगी और बुधवार को 14.30 बजे उधना पहुँचेगी। यह ट्रेन 10 मार्च से 30 जून 2025 तक चलेगी।यह ट्रेन दोनों दिशाओं में चलथान, बारडोली, नंदुरबार, भुसावल, खंडवा, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदन महल, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पटना, बख्तियारपुर, मोकामा, बरौनी, समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी स्टेशनों पर रुकेगी।

इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

ट्रेन संख्या 09031 की बुकिंग 8 मार्च, 2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। ट्रेनों के ठहराव, समय और संरचना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www. enquiry .indianrail. gov.inपर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 पश्चिम रेलवे पर मनोरंजन एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के उपलक्ष्य में आकर्षक और प्रेरक कार्यक्रमों की श्रृंखला के साथ समारोह की शुरूआत कर दी गई है, जिसका उद्देश्य महिलाओं के योगदान का सम्मान करना तथा मुख्यालय के साथ-साथ पश्चिम रेलवे के सभी मंडलों और कारखानों में समावेशिता और सशक्तिकरण की भावना को बढ़ावा देना है।पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पश्चिम रेलवे के मुख्यालय कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह 2025 के अंतर्गत 07 मार्च, 2025 को एक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें महिला अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा प्रेरक सत्र आयोजित किए गए। इसके बाद रोमांचक खेलों और डीजे संगीत के साथ एक जीवंत मनोरंजन और मेला कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने पूरे मन और उत्साह से भाग लिया। 10 मार्च, 2025 तक अन्य दिनों में भी योग, स्वास्थ्य कार्यक्रम, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि जैसी गतिविधियों के साथ इस तरह के और समारोह आयोजित किए जाएंगे। पश्चिम रेलवे महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाने में बहुत गर्व महसूस करती है और लैंगिक समानता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। सभी महिला कर्मचारियों को भाग लेने और इन कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनों के ठहराव में परिवर्तन बांद्रा टर्मिनस-रीवा स्पेशल को इटारसी स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई,पश्चिम रेलवे ने कुछ होली एवं ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों के ठहराव में परिवर्तन करने का निर्णय लिया है।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार है।

डकनिया तलाव की जगह कोटा में रुकने वाली ट्रेनें:-

1. ट्रेन संख्या 09075 मुंबई सेंट्रल-काठगोदाम सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल 12 मार्च, 2025 से कोटा (आगमन/प्रस्थान 00.35 बजे / 00.40 बजे) में रुकेगी।इसी तरह, ट्रेन संख्या 09076 काठगोदाम-मुंबई सेंट्रल सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल 13 मार्च, 2025 से कोटा (आगमन/प्रस्थान 06.30 बजे / 06.35 बजे) में रुकेगी।

2. ट्रेन संख्या 09185 मुंबई सेंट्रल- कानपुर अनवरगंज सुपरफास्ट स्पेशल 9 मार्च, 2025 से कोटा (आगमन/प्रस्थान 00.35 बजे / 00.40 बजे) में रुकेगी।इसी तरह ट्रेन संख्या 09186 कानपुर अनवरगंज-मुंबई सेंट्रल सुपरफास्ट स्पेशल 10 मार्च, 2025 से कोटा (आगमन/प्रस्थान 06.30 बजे / 06.35 बजे) पर रुकेगी।

3. ट्रेन संख्या 09417 अहमदाबाद-दानापुर स्पेशल 10 मार्च, 2025 से कोटा (आगमन/प्रस्थान 18.20 बजे / 18.25 बजे) पर रुकेगी।इसी तरह, ट्रेन संख्या 09418 दानापुर - अहमदाबाद स्पेशल 11 मार्च, 2025 से कोटा (आगमन/प्रस्थान 02.25 बजे / 02.30 बजे) पर रुकेगी।

4. ट्रेन संख्या 09101 वडोदरा-हरिद्वार सुपरफास्ट स्पेशल 8 मार्च, 2025 से कोटा (आगमन/प्रस्थान 02.40 बजे/02.45 बजे) में रुकेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09102 हरिद्वार-वडोदरा सुपरफास्ट स्पेशल 9 मार्च, 2025 से कोटा (आगमन/प्रस्थान 03.50 बजे/03.55 बजे) में रुकेगी।

ट्रेन का अतिरिक्त ठहरावः-

ट्रेन संख्या 09129 बांद्रा टर्मिनस-रीवा साप्ताहिक स्पेशल को 13 मार्च, 2025 से इटारसी (आगमन/प्रस्थान 21.05 बजे/21.15 बजे) पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09130 रीवा-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल को 14 मार्च, 2025 से इटारसी (आगमन/ प्रस्थान 19.55 बजे/20.05 बजे) पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है।

सड़क हादसे में दो दोस्तों की दर्दनाक मौत

बडौत,काहन्ड गांव में एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। सौरम गांव के आकाश और शुभम सिनौली गांव में एक दोस्त की शादी में जा रहे थे।

मध्य रेल

खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति और केंद्रीय रेलवे, मुंबई सीएसटी 400001 की ओर से प्रतिष्ठित ठेकेदारों से खुली निविदाओं के लिए आमंत्रित किया गया है, जिसके लिए मंडल रेल प्रबंधक (एस एंड टी), प्रथम तल, पार्सल कार्यालय भवन दिनांक 04/04/2025 को 15.15 बजे तक निविदा का समय, तिथि और प्रस्तुतीकरण उसी दिन 15.15 बजे खोला जाएगा। **कार्य का नाम:** लोनावला बीवीटी यार्ड, ईआई का प्रतिस्थापन एवं इंडोर कार्य के संबंध में एक्सटेंशन ऑफ 3 R&D लाइन्स ऑफ डाउन यार्ड, 5 R&D लाइन्स ऑफ उप यार्ड एंड प्रोविसिओं ऑफ 2 एडिशनल R&D लाइन्स इन उप यार्ड। **निविदा सूचना नं. सीआर/बीबी/सं.एवंदु.सं/ पीजेटी 2025-13 लगभग मूल्य:** Rs. 5.31 Crores **ईएमडी:** Rs. 4,15,700/- **खुलने की तारीख:** 04/04/2025 **वैधता:** 60 days **समापन अवधी:** 8 Months. यह निविदा 15/06/2017 दिनांकित सार्वजनिक खरीद नीति (भारत में बनाओ) आदेश 2017 का अनुपालन करती है। निविदाओं का पूरा ब्यौरा मध्य रेलवे में उपलब्ध है। अधिकारिक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पूरी निविदा दस्तावेजों को वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदाओं का पूरा विवरण मंडल रेल प्रबंधक (एस एंड टी) के कार्यालय, मुंबई सीएसटी के "नोटिस बोर्ड" में भी उपलब्ध है।

म.रे.प्र. (सं. एवंदु. सं) छशिमट मुंबई

Apex-828

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

बगैर किसी व दर वृद्धि के 5645 करोड़ रुपए का मनपा का बजट पेश

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे (युनिस खान) बिना किसी कर वृद्धि के, राजस्व बढ़ाने और कार्यों की गुणवत्ता पर ध्यान देने के साथ, वर्ष 2024-2025 के लिए 6,550 करोड़ रुपये और वर्ष 2025-26 के लिए 5,645 करोड़ रुपये का मूल बजट आज मनपा आयुक्त सौरभ राव ने प्रस्तुत किया है। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मनपा नागरिकों को बेहतर जीवन स्तर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और उसी के अनुसार बजट तैयार किया गया है। वर्ष 2024-25 में 5025 करोड़ 01 लाख का बजट तैयार किया गया। इसमें जलापूर्ति का आकार, कर संग्रह, विज्ञापन और नगर विकास विभाग जैसे विभागों की आय में कमी आयी है। अतः राजस्व आय 3220 करोड़ 42 लाख रुपए के स्थान पर 3454 करोड़ 83 लाख रुपए का पुनरीक्षण किया जा रहा है। मनपा द्वारा प्राप्त अनुदान को ध्यान में रखते हुए वास्तव में दिसंबर 2024 के अंत तक 32 लाख की बजाय 284 करोड़ 32 लाख की अपेक्षा 914 करोड़ 35 लाख की सब्सिडी मिली है, संशोधित बजट में अनुदान और अनुदानित अनुदान के लिए 1162 करोड़ 71 लाख रुपये और अमृत योजना के लिए 2.00 रुपये की उम्मीद है। 20 करोड़ ऋण की उम्मीद थी लेकिन मार्च 2025 के अंत तक उक्त ऋण नहीं लिया जाएगा। व्यय पक्ष पर, वर्ष 2024-25 में राजस्व व्यय 3345 करोड़ 66 लाख का प्रस्ताव था, संशोधित बजट में 3034 करोड़ 77 लाख रुपये का अनुमान है और पूंजीगत अनुदान 1679 करोड़ रुपये की बजाय 2067 करोड़ 50 लाख रुपये बढ़ जाने से पूंजीगत व्यय इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में अतिरिक्त आयुक्त (1) संदीप मालवी, अतिरिक्त आयुक्त (2) प्रशांत रोडे, मुख्य लेखा एवं वित्त अधिकारी दिलीप सूर्यवंशी, ठाणे परिवहन सेवा प्रबंधक भालचंद्र बेहरे, उपायुक्त (मुख्यालय) जी जी गोदेपुरे, उपायुक्त (सचिव) उमेश बिरारी मंच पर उपस्थित थे। वहीं, ठाणे परिवहन सेवा प्रबंधक भालचंद्र बेहरे ने वर्ष 2025-26 के लिए परिवहन सेवा का 895 करोड़ रुपये का मूल बजट मनपा आयुक्त सौरभ राव को प्रस्तुत किया।

जापानी अधिकारियों ने ठाणे स्मार्ट सिटी परियोजनाओं की जानकारी ली

जापानी कंपनियों से प्रौद्योगिकी सहायता के संबंध में हुई चर्चा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , जापान सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले नोमुरा रिसर्च इंस्टीट्यूट के प्रतिनिधियों ने परियोजनाओं के बारे में जानने के लिए ठाणे स्मार्ट सिटी लिमिटेड के कार्यालय का दौरा किया। ठाणे स्मार्ट सिटी लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और अतिरिक्त मनपा आयुक्त संदीप मालवी ने बताया कि बैठक के दौरान विभिन्न परियोजनाओं के कार्यान्वयन में आने वाली चुनौतियों और उनका सामना करने के लिए जापानी कंपनियों को उपलब्ध तकनीकी सहायता के संबंध में प्रारंभिक चर्चा की गई। जापानी संगठन की ओर से मुख्य परियोजना डिजाइनर आया होंडा और भारतीय प्रतिनिधि वर्षा गुप्ता ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी संदीप मालवी के साथ स्मार्ट सिटी परियोजनाओं पर चर्चा की। उस समय कार्यकारी अभियंता सुधीर गायकवाड, ठाणे स्मार्ट सिटी लि. क्षेत्रीय विकास परियोजनाओं और पैन सिटी परियोजनाओं की एक परियोजना प्रबंधन सलाहकार उपस्थित था। ठाणे स्मार्ट सिटी लिमिटेड कार्यान्वित की जा रही परियोजनाओं में उपयोग की जाने वाली तकनीक, साथ ही भविष्य की परियोजनाओं पर मुख्य रूप से चर्चा की गई कि जापान में कंपनियां तकनीकी मामलों में कैसे मदद कर सकती हैं। केंद्र सरकार के स्मार्ट सिटी मिशन के तहत ठाणे स्मार्ट सिटी लि. ठाणे शहर में विभिन्न परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत कुल 35 परियोजनाओं में से 32 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और तीन महत्वाकांक्षी परियोजनाएं प्रगति पर हैं। केंद्र सरकार के आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के स्मार्ट सिटी विभाग और जापान सरकार के बीच वर्ष 2022 में एक सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इसके अनुसार, देश के स्मार्ट शहरों में सतत शहरी विकास में सहयोग के लिए विभिन्न उप-समूहों का गठन किया गया है। इसी आधार पर दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए जापान इंडिया स्मार्ट सिटी कोऑपरेटिव प्लेटफॉर्म (JISCOP) बनाया जा रहा है। जिसके अनुसार वर्ष 2024-25 में जापान सरकार के प्रतिनिधियों के साथ-साथ संस्थान के प्रतिनिधियों के साथ दो ऑनलाइन चर्चाएँ आयोजित की गईं। इसके अलावा, नवंबर-2024 में जापान सरकार के बुनियादी ढांचे और पर्यटन विभाग के प्रतिनिधियों ने ठाणे स्मार्ट सिटी लिमिटेड के कार्यालय का दौरा किया और परियोजनाओं के बारे में जानकारी ली। इसी गतिविधि की अगली बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई।

फास्ट ट्रैक

25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

जमीन में जेवर गाड़कर भाग गया था हरिद्वार, पुलिस ने दबोचा

शाहजहांपुर, पुलिस ने 25 हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी कुलदीप यादव उर्फ नाटी ने दो महीने पहले अपने साथी के साथ मिलकर एक मकान से लाखों के जेवर चुराए थे। रोजा थाना क्षेत्र के अटसलिया गांव में 11 दिसंबर को यह चोरी हुई थी। आरोपियों ने पवन वर्मा के बंद मकान का ताला तोड़कर चोरी की थी। पुलिस ने पहले ही एक आरोपी अभिषेक उर्फ चंगुला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पूछताछ में अभिषेक ने कुलदीप का नाम बताया था। दोनों ने चोरी के जेवर आपस में बांट लिए थे। कुलदीप ने अपना हिस्सा गांव के बाहर जमीन में गाड़ दिया था। इसके बाद वह हरिद्वार भाग गया था। पुलिस ने कुलदीप की गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। वह गाड़े हुए जेवर निकालने आया था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसे अटसलिया पुल के पास से पकड़ लिया। थाना प्रभारी राजीव कुमार के अनुसार, आरोपी की निशानदेही पर पीली और सफेद धातु के आभूषण बरामद किए गए हैं। पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

अंबरनाथ के पूर्व उपनगराध्यक्ष अब्दुल भाई शेख रमजान माह के प्रत्येक शुक्रवार को 200 परिवारों को इफ़्तार बांटने का कार्य करते हैं

शास्त्री नगर, गांधी नगर और स्वामी नगर के मुस्लिम परिवारों को इफ़्तार बांटा जाता है

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ. अंबरनाथ नगरपालिका के पूर्व उपनगराध्यक्ष और शिवसेना के वरिष्ठ नेता समाजसेवक अब्दुल भाई शेख अपने सर्वधर्म समभाव और आम जनता से जुड़े हुए कार्यों को लेकर अंबरनाथ में एक अलग ही छवि रखने वाले शख्सियत माने जाते हैं। ज्ञात है कि मुस्लिम समाज के अनुयायियों का 2 मार्च से रमजान का पवित्र महीना चल रहा है जिसमें मुस्लिम समाज के लोग अल्लाह की इबादत करते हैं और सेहरी से लेकर इफ्तार तक (सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक) वे रोजा (उपवास) रखते है, इस दौरान उनके द्वारा किसी भी प्रकार का अन्न और जल ग्रहण नहीं किया जाता है। रोजा इंसान को जहन्नुम की आग से बचाता है। अब्दुल भाई शेख द्वारा रमजान के इस पवित्र महीने में पड़ने वाले प्रत्येक शुक्रवार के दिन शास्त्री नगर, गांधी नगर और स्वामी नगर के मुस्लिम परिवारों में जुम्मा की नमाज के बाद लगभग 200 परिवारों में रोजा इफ्तार का सामान फल, खजूर आदि वितरित किया जाता है जिससे इन क्षेत्रों के मुस्लिम परिवारों के लोग अपना रोजा खोल सके। अब्दुल भाई शेख ने इस विषय में बोलते हुए कहा कि रमजान का महीना सभी मुस्लिम भाइयों के लिए बड़ा ही मुकद्दस और पाक महीना माना जाता है। इस महीने रोजा, नमाज, तरावीह, जकात और फितरा का एहतमाम किया किया जाता है। रोजा रखना प्रत्येक मुस्लिम के लिए फर्ज.है। रोजा रखने से हम सबको दीन हीन दुर्बलों की सेवा करने और भूखों को खाना खिलाने की प्रेरणा मिलती है। इसीलिए हम लोग विगत कई वर्षों से शास्त्री नगर, गांधी नगर और स्वामी नगर के लगभग 200 मुस्लिम परिवारों को प्रत्येक शुक्रवार को जुम्मे की नमाज के बाद रोजा खोलने के लिए इफ्तारी बांटने का कार्य किया जाता है। इस महीने 1 सवाब का कार्य करने पर 70 गुना सवाब मिलता है। इसलिए इस पाक महीने जितने नेक काम किए जाए उतने कम हैं।

मनपा परिवहन सेवा में 100 ई बसें मंजूर, बेड़े में शामिल होंगी 180 ई बसें

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे ,केंद्र सरकार की पीएम-ई बस सेवा योजना के तहत, ठाणे नगर परिवहन सेवा के लिए 100 ई-बसों को मंजूरी दी गई है, और आने वाले वित्तीय वर्ष में चरणबद्ध तरीके से बसों को परिवहन सेवा में पेश किया जाएगा केंद्र सरकार के एनसीएपी के तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2025-26 तक 15वें वित्त आयोग की सिफारिश के अनुसार प्राप्त सब्सिडी से ठाणे नगर परिवहन निगम को 180 इलेक्ट्रिक बसें चरणबद्ध तरीके से पेश की जाएंगी। इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ने के बाद निजी वाहनों का इस्तेमाल कम होगा और ट्रैफिक की भीड़ भी कम होगी। साथ ही प्रदूषण का स्तर भी कम होगा। कम लागत वाली परिवहन सुविधा के कारण नागरिकों को यात्रा किराया और ईंधन लागत में बचत होगी। ठाणे मनपा परिवहन सेवा के लिए सब्सिडी के रूप में वर्ष 2025-26 के लिए 280 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

अंबरनाथ के बुआ पाड़ा में 8 और 9 मार्च को यादव चषक बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन

क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन पूर्व नगरसेवक सुरेन्द्र यादव के सौजन्य से किया जा रहा है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ. अंबरनाथ पश्चिम स्थित बुआपाड़ा के बाबा पार्किंग मैदान में दो दिवसीय 8 और 9 मार्च को यादव चषक भव्य अंडरआर्म बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 का आयोजन किया जा रहा है। अंडरआर्म बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट क्रिकेट के खेल का एक रोमांचक टूर्नामेंट है जिसमें गेंदबाज अपने हाथों को अपने शरीर से नीचे रखकर गेंद फेंकते हैं और बल्लेबाज बल्ले से रन बनाते हैं। इस क्रिकेट टूर्नामेंट से खिलाड़ियों की रचनात्मक कौशल का परीक्षण होता है। यादव चषक टूर्नामेंट के आयोजकों पूर्व नगरसेवक सुरेन्द्र यादव, अजय सुरेन्द्र यादव और उत्तर प्रमोद पांडे हैं। उत्तर भारतीय समाज के वरिष्ठ नेता प्रमोद पांडे ने बताया कि टूर्नामेंट विजेता को प्रथम पुरस्कार के रूप में 14999 और उपविजेता को 8888 रुपए और आकर्षक ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा टूर्नामेंट में उत्कृष्ट बल्लेबाज, उत्कृष्ट गेंदबाज और उत्कृष्ट क्षेत्ररक्षक का पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा। उन्होंने टूर्नामेंट में शामिल होने वाली सभी टीमों को अच्छे खेल की शुभकामनाएं दी।

हापुड़ की मीट फैक्ट्री से पकड़े गए गौ तस्कर

17 मुकदमों के आरोपी सगे भाई, स्कॉर्पियो से करते थे गोवंश की तस्करी

तिलहर, कोतवाली पुलिस ने हापुड़ की रेवन मीट फैक्ट्री से दो गौ तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी सगे भाई हैं और दोनों निगोही के तालगांव के रहने वाले हैं। आरोपियों की पहचान मुजीब और मुन्ना के रूप में हुई है। दोनों शफी अहमद के पुत्र हैं। पुलिस के मुताबिक, इन दोनों के खिलाफ पहले से 17 मुकदमे दर्ज हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे प्लैटिना बाइक से स्कॉर्पियो के साथ चलते थे।

गोवंश को पकड़कर रस्सियों से बांधते और गाड़ी में डाल लेते थे। स्कॉर्पियो को बीसलपुर निवासी मुन्ना बरेली ले जाता था। पुलिस ने स्कॉर्पियो पकड़कर गोवंश को मुक्त करा लिया था। इसके बाद दोनों आरोपी पुलिस की नजरों से बचने के लिए हापुड़ की मीट फैक्ट्री में काम करने लगे थे। कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि अपराध निरीक्षक देवेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले की जांच जारी है।

मुरबाड़ विधानसभा के विधायक किसन कथोरे ने शुक्रवार को विधानसभा में अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया

महाराष्ट्र विधानसभा का बजट सत्र 3 मार्च से 10 मार्च के मध्य चल रहा है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

बदलापुर. महाराष्ट्र विधानसभा के 3 मार्च से 10 मार्च के मध्य चल रहे बजट अधिवेशन में शुक्रवार को मुरबाड़ विधानसभा के भाजपा विधायक किसन कथोरे ने अपनी मुरबाड़ विधानसभा क्षेत्र से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों को विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष उठाया। उन्होंने कहा कि मुरबाड़ तहसील की 100 वर्ष पुरानी जर्जर ईमारत के निर्माण के लिए 2015 से मांग की जा रही है, इस ईमारत के निर्माण के लिए सार्वजनिक बाँधकाम विभाग और जिला सत्र न्यायालय से प्रस्ताव मांगकर तत्काल निधि उपलब्ध कराई जाए ताकि ईमारत का निर्माण हो सके। मुरबाड़ विधानसभा क्षेत्र से संबंधित पुलिस विभाग के लिए नवीन भवन का निर्माण और कर्मचारियों के रहने के लिए भवन निर्माण की मांग की है। मुरबाड़ विधानसभा क्षेत्र के लिए स्वीकृत राज्य उत्पादन शुल्क कार्यालय किराए के भवन में चल रहा है अतः राज्य उत्पादन शुल्क कार्यालय के लिए खुद की ईमारत निर्माण के लिए निधि स्वीकृत की जाय। नगर विकास से संबंधित नगर परिषद कुलगांव-बदलापुर में जमा हुआ मुद्रांक शुल्क अधिभार की धनराशि तत्काल प्रदान करने की मांग की है। कुलगांव-बदलापुर नगरपालिका द्वारा किए जा रहे और प्रस्तावित कार्यों के लिए आवश्यक निधि तत्काल स्वीकृत करने की मांग की है। कुलगांव-बदलापुर नगरपालिका में जनप्रतिनिधियों के अभाव में 2019 से प्रशासक द्वारा कार्य किया जा रहा है।नपा में कार्यरत अधिकारी कार्यालयों में समय पर उपलब्ध नहीं होते है। सुनने में आता है कि भ्रष्टाचार का मुद्दा भी विशेष महत्वपूर्ण है, नपा मे टक्केवरी लेकर कार्य किए जा रहे हैं। अतः इस संदर्भ में नपा के कार्यप्रणाली, कार्यों आदि की निगरानी के लिए तत्काल कार्य किया जाय। नगरविकास के तहत एमएमआरडीए से आने वाली निधि बदलापुर की जनसंख्या को देखते हुए न्यायोचित नहीं है अतः एमएमआरडीए को आदेश दिया जाए कि इस मुद्दे पर निधि उपलब्ध कराई जाए। अपने कार्यों से विधायक किसन कथोरे मुरबाड़ विधानसभा के विकास के लिए कृत संकल्पित हैं।

कार को वाहन ने मारी टक्कर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, खुदागंज में एक दर्दनाक सड़क हादसे में बरेली के विशाल मेगा वाट के मैनेजर की मौत हो गई। मृतक की पहचान बरेली के बिथरीचैनपुर क्षेत्र के रसुईया गांव निवासी राजीव कुमार सिंह (35) के रूप में हुई है। तीन दोस्तों के साथ कार से खुदागंज में एक दोस्त की शादी में जा रहे थे। इसी दौरान खुदागंज क्षेत्र में एक अज्ञात वाहन ने उनकी कार को टक्कर मार दी। हादसे में राजीव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके तीन दोस्त घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं राजीव के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

बिजली कर्मी की हत्या के विरोध में सड़क जाम

परिजनों ने शव रखकर किया प्रदर्शन, एक आरोपी हिरासत में

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, एक बिजली कर्मी की पीट-पीटकर हत्या के मामले में परिवार ने न्याय की मांग की है। मृतक के परिजनों ने ग्रामीणों के साथ चिनौर के पास सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया।घटना थाना सदर बाजार क्षेत्र के चिनौर गांव की है। बिजली कर्मी अखिलेश ने गांव के सुनील पर मोबाइल चोरी का आरोप लगाया था। इससे नाराज होकर सुनील, उसके मामा और नानी ने 5 मार्च को अखिलेश को लाठी-डंडों से पीट दिया। गंभीर रूप से घायल अखिलेश की गुरुवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया। शुक्रवार को अंतिम संस्कार से पहले परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी और कुछ अन्य आरोपियों के नाम एफआईआर में जोड़े जाने की मांग की। सीओ सिटी पंकज पंत ने बताया कि एक मुख्य आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। उन्होंने परिजनों को आश्वासन दिया है कि उनके द्वारा बताए गए अन्य आरोपियों के नाम भी एफआईआर में शामिल किए जाएंगे। पुलिस के आश्वासन के बाद आधे घंटे का जाम समाप्त हो गया।

स्वास्थ्य विभाग में खरीद में गड़बड़ी का खुलासा

शाहजहांपुर में जिला पंचायत अध्यक्ष का औचक निरीक्षण, मिली कई खामियां

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, स्वास्थ्य विभाग में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया है। जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव ने सीएमओ कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान खरीद से जुड़े रजिस्टर और कंप्यूटर डेटा में लाखों रुपए का अंतर पाया गया। जांच में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। विभाग के कर्मचारियों की अपनी फर्मों से ही सामान की खरीद की जा रही थी। एक डॉक्टर की तैनाती पुवायां में दिखाई जा रही थी। लेकिन वह वहां न जाकर सीएमओ कार्यालय में ही रहते थे। स्वास्थ्य विभाग पर लंबे समय से किसी वरिष्ठ अधिकारी या मंत्री की नजर नहीं पड़ी थी। इससे पहले भी आरोप लगे थे कि विभाग में तैनात कुछ कर्मचारियों की फर्मों से ही खरीद की जा रही है। जिला पंचायत के कार्य अधिकारी उत्तम कांत तिवारी ने स्टॉक रजिस्टर और कंप्यूटर डेटा में मिसमैच की पुष्टि की है। सीएमओ अंसार अली ने कहा कि उन्होंने हाल ही में कार्यभार संभाला है। मिली खामियों की जांच कराई जाएगी। विभागीय सूत्रों के अनुसार इस मामले में जल्द ही बड़ी कार्रवाई की जा सकती है। जिला पंचायत अध्यक्ष के निरीक्षण से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है।

होली जुलूस को लेकर शाहजहांपुर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम

धार्मिक स्थल पर की गई बैरिकेडिंग, लाट साहब की तलाश जारी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, शाहजहांपुर में होली पर निकलने वाले लाट साहब जुलूस को लेकर प्रशासन ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं। जुलूस मार्ग पर स्थित धार्मिक स्थलों को तिरपाल से ढका गया है। साथ ही मुस्लिम क्षेत्रों में बैरिकेडिंग की गई है। इस परंपरागत जुलूस में एक व्यक्ति को लाट साहब की उपाधि देकर भैंसागाड़ी पर बैठाया जाता है। जुलूस में शामिल लोग लाट साहब पर रंग, जूते और चप्पल फेंकते हैं। इस वर्ष जुलूस पर लगभग 80 हजार रुपए खर्च होने का अनुमान है। पुलिस प्रशासन ने सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। थाना आरसी मिशन क्षेत्र में 12, चौक कोतवाली क्षेत्र में 20 और सदर बाजार क्षेत्र में कई धार्मिक स्थलों को ढका गया है। मुस्लिम बहुल इलाकों में गलियों के बाहर बैरिकेडिंग की गई है। जुलूस के बाद नगर निगम के कर्मचारी तिरपाल हटा लेंगे। एसपी राजेश एस के अनुसार अधिकारियों के साथ लगातार बैठकें की जा रही हैं। सभी समुदायों के प्रतिनिधियों के साथ शांति बैठकें भी आयोजित की जा रही हैं। जुलूस को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है।

दोस्त की गोली मारकर हत्या

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, एक युवक ने दोस्त की गोली मारकर हत्या कर दी। शव को सड़क किनारे फेंक कर आरोपी मौके से भाग गया। स्थानीय लोगों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना पुलिस बल के साथ एसपी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना जलालाबाद थाना के काजरबोझी गांव की है। काजरबोझी गांव निवासी आसाराम कश्यप (55) के पास करीब चार बीघा खेती है। मेहनत मजदूरी करके खेतीबाड़ी कर पत्नी और बच्चों का पालन पोषण करते थे। आसाराम और सुमेर का एक साल पहले किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद इतना बढ़ा था कि आरोपी सुमेर ने आसाराम को गांव में करीब एक किमी दूर तक दौड़ाया था। फायर भी किए थे लेकिन गनीमत थी कि उनको गोली नहीं लगी थी। उसके बाद आरोपी सुमेर दूसरे केस में जेल चला गया।

घर से बुलाकर ले गया था आरोपी करीब दो महीने पहले छूटकर आया तो फिर आरोपी ने आसाराम से गिले शिकवे मिटा लिए थे। दोनों में दोस्ती हो गई थी। परिजनों के अनुसार शाम करीब छह बजे सुमेर घर बुलाने आया था। आसाराम उनके साथ चले गए थे। उनको जानकारी मिली कि दोनों कहीं पर चाट भी खाई थी। उसके बाद रात में गांव के बाहर सुमेर ने गोली मारकर आसाराम की हत्या कर दी। गर्दन और सीने में लगी गोली रात में ग्रामीणों ने शव देख प्रधान को जानकारी दी। शव देखा तो उसकी गर्दन और सीने में गोलियां लगी थीं। तब हत्या की सूचना परिवार और पुलिस को दी गई। परिजनों ने एक साल पहले हुए विवाद को लेकर हत्या करने का आरोप लगाया है। सुमेर पर कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। इससे पहले आरोपी गांव में एक दरोगा पर फायर कर चुका है।

भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक
(भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण
(भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

कनाडा-मेक्सिको पर फिर पलटे ट्रम्प, टैरिफ 30 दिन टाला

कनाडा में लोगों ने अमेरिकी टमाटर खाना छोड़ा, इटली से मंगा रहे

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कनाडा और मेक्सिको पर 25% टैरिफ लगाने के फैसले को एक बार फिर से 30 दिनों के लिए टाल दिया है। ट्रम्प ने 4 मार्च को दोनों देशों पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। इससे पहले भी ट्रम्प ने कनाडा और मेक्सिको के कई सामानों पर 4 फरवरी से टैरिफ लगाने का ऐलान किया था, लेकिन इसे लागू होने से एक दिन पहले उन्होंने इसे 30 दिनों के लिए टाल दिया था। इस बीच ट्रम्प के कनाडा पर टैरिफ लगाने की धमकी और उसे 51वां राज्य बनाने वाले बयान के बाद देश में अमेरिकी सामानों का बायकॉट शुरू हो गया है। कनाडाई मीडिया के मुताबिक वहां पर लोग अमेरिकी सेब छोड़कर दूसरे देशों के सेब खाने लगे हैं। वहीं, दुकानदार पिज्जा में कैलिफोर्निया के टमाटर की जगह इटली से आए टमाटर का इस्तेमाल करने लगे हैं। कई दुकानदारों ने अपनी दुकानों में अमेरिकी सामान रखना बंद करने की बात कही है। कई कनाडाई

जो कि अपनी छुट्टियां बिताने अमेरिका जाने वाले थे, उन्होंने अपनी छुट्टियां रद्द कर दी हैं। ट्रम्प की धमकी ने कनाडा में देशभक्ति की भावना को बढ़ा दिया है। 2 महीने पहले कनाडा की लिबरल पार्टी में चुनाव हारने के डर से जस्टिन ट्रूडो के खिलाफ माहौल बन गया था जिसके बाद उन्होंने पद छोड़ने का ऐलान कर दिया था। अब वहीं लिबरल पार्टी चुनाव जीतने की सबसे बड़ी दावेदार बन गई है। ट्रूडो ने मंगलवार को कहा था कि कनाडाई लोग समझदार हैं। वे स्वभाव से भले विनम्र हैं, लेकिन वे लड़ाई से पीछे नहीं हटेंगे। खासकर ऐसे वक्त में जब देश के लोगों की भलाई दांव पर लगी हो। हालांकि कनाडा और मेक्सिको ने ट्रम्प के टैरिफ टालने के फैसले की तारीफ की। कनाडा के वित्त मंत्री डोमिनिक लेब्लैंक ने कहा कि उनका देश भी अमेरिकी सामानों पर लगाए जाने वाले टैरिफ को फिलहाल टाल देगा। अमेरिकी शेयर बाजार में 3.6% गिरावट 4 मार्च को ट्रम्प के टैरिफ लगाने के बाद कनाडा ने भी अमेरिका के 20.5 बिलियन डॉलर के सामान पर टैरिफ लगा दिया था। इससे पहले मेक्सिको ने धमकी दी थी कि अगर अमेरिका ने अपना फैसला नहीं बदला तो वे भी रविवार से अमेरिकी सामानों पर टैरिफ लगाएंगे। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने इस फैसले के लिए ट्रम्प को धन्यवाद दिया। इसके बाद से अमेरिकी बाजार में गिरावट शुरू हो गई थी। अमेरिकी शेयर बाजार र&ढ में गुरुवार को 1.8% की गिरावट आई। दो दिनों में इसमें 3.6% गिरावट आई। दो साल में यह सबसे खराब स्थिति है। कार कंपनियों ने फैसला टालने की अपील की थी कार बनाने वाली कंपनियों ने ट्रम्प से गुरुवार को टैरिफ का फैसला टालने की अपील की थी। उन्होंने कहा था कि कार पर लगे टैरिफ से उन्हें काफी नुकसान होगा। हालांकि ट्रम्प ने यह कहा है कि कोई भी राहत कम समय के लिए है। फैसला टालने का मकसद कार निमार्ताओं और कार पार्ट्स के आपूर्तिकताओं की मदद करना है। उन्होंने कहा कि वे 2 अप्रैल से कनाडाई और मेक्सिकन प्रोडक्ट्स पर टैरिफ लगाने वाले हैं। ट्रम्प ने कहा कि उनका फैसला अमेरिकी कार निमार्ताओं और किसानों की रक्षा करेगा। उन्होंने कहा कि उनके टैरिफ लगाने के फैसले को टालने का बाजार से कोई लेना-देना नहीं है। ट्रम्प ने चीनी सामानों पर टैरिफ लगाने के फैसले में कोई बदलाव नहीं किया है। अमेरिका ने फरवरी में चीनी सामानों पर 10% टैरिफ लगाने के बाद 4 मार्च को एक्स्ट्रा 10% टैरिफ लगा दिया था।

लगातार दूसरी बार मस्क का स्टारशिप टेस्ट फेल

आठवें टेस्ट में बूस्टर लॉन्चपैड पर वापस आया, लेकिन शिप आसमान में ब्लास्ट

एजेंसी

टेक्सास, इलॉन मस्क के रॉकेट स्टारशिप का लगातार दूसरा टेस्ट फेल हो गया। आठवें टेस्ट में स्टारशिप को भारतीय समयानुसार 7 मार्च को सुबह 5:00 बजे बोका चिका से लॉन्च किया गया। लॉन्चिंग के 7 मिनट बाद बूस्टर (निचला हिस्सा) अलग होकर वापस लॉन्च पैड पर आ गया। लेकिन 8 मिनट बाद शिप (ऊपरी हिस्सा) के छह इंजनों में से 4 ने काम करना बंद कर दिया जिससे शिप ने कंट्रोल खो दिया। इसके बाद ऑटोमेटेड अबॉर्ट सिस्टम ने शिप को ब्लास्ट कर दिया। स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट और सुपर हैवी रॉकेट को

कलेक्टिवली 'स्टारशिप' कहा जाता है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट की गई तस्वीरों और वीडियो में फ्लोरिडा तट के पास मौजूद लोगों ने बताया कि स्पेसक्राफ्ट आसमान में फूट गया है। गिरते मलबे की वजह से मियामी, ऑरलैंडो, पाम बीच और फोर्ट लॉडरडेल के हवाई अड्डों पर उड़ानें बाधित हुईं। 17 जनवरी 2025 को भी स्टारशिप का सातवां टेस्ट पूरी तरह से कामयाब नहीं रहा था। लॉन्चिंग के 8 मिनट बाद बूस्टर (निचला हिस्सा) अलग होकर वापस लॉन्च पैड पर आ गया था, लेकिन शिप (ऊपरी हिस्सा) में ऑक्सीजन लीक से ब्लास्ट हो गया था। स्टारशिप का छठा टेस्ट 20 नवंबर 2024 को सुबह 03:30 बजे किया गया था। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी टेस्ट देखने के लिए स्टारबेस पहुंचे थे। इस टेस्ट में बूस्टर को लॉन्च करने के बाद वापस लॉन्चपैड पर कैच किया जाना था, लेकिन सभी पैरामीटर ठीक नहीं होने के कारण इसे पानी में लैंड कराने का फैसला लिया गया। स्टारशिप का पांचवां टेस्ट 13 अक्टूबर 2024 को किया गया था। इस टेस्ट में पृथ्वी से 96 किमी ऊपर भेजे गए सुपर हैवी बूस्टर को लॉन्चपैड पर वापस लाया गया, जिसे मैकेजिला ने पकड़ा। मैकेजिला दो मेटल आर्म हैं जो चॉपस्टिक्स की तरह दिखाई देती हैं। वहीं स्टारशिप की पृथ्वी के वायुमंडल में री-एंट्री कराकर हिंद महासागर में कंट्रोल्ड लैंडिंग कराई गई। स्टारशिप ने जब पृथ्वी के वातावरण में एंट्री की तब उसकी रफ्तार 26,000 किलोमीटर प्रति घंटे थी और तापमान 1,430डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। स्टारशिप का चौथा टेस्ट 6 जून 2024 को हुआ था, जो सक्सेसफुल रहा था। 1.05 घंटे के इस मिशन को बोका चिका से शाम 6.20 बजे लॉन्च किया गया था।

इजराइल ने वेस्ट बैंक से 10 भारतीय मजदूरों को छुड़ाया

एक महीने से फिलिस्तीनियों ने बंधक बना रखा था, पासपोर्ट भी जब्त कर लिए थे

एजेंसी

तेल अवीव, इजराइली अधिकारियों ने वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनियों की कैद से 10 भारतीय मजदूरों को छुड़ा लिया। सभी को इजराइल लाया गया है। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक, फिलिस्तीनियों ने इन भारतीयों को मजदूरी के काम का झांसा देकर इजराइल से वेस्ट बैंक के अल-जायम गांव में बुलाया था। इसके बाद उन्हें बंधक बनाकर सभी के पासपोर्ट जब्त कर लिए थे। फिलिस्तीनी इन पासपोर्ट का इस्तेमाल कर अवैध रूप से इजराइल में घुसने की कोशिश कर कर

रहे थे। इजराइली अधिकारियों ने 6 मार्च की रात वेस्ट बैंक में एक ऑपरेशन चलाकर इन सभी बंधकों को छुड़ाया। इजराइल में भारत के दूतावास ने इसकी जानकारी दी है। फिलहाल मामले की जांच जारी है। भारतीय दूतावास इजराइली अधिकारियों के संपर्क में हैं। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, पिछले साल से अब तक करीब 16 हजार भारतीय मजदूर इजराइल पहुंचे हैं। मई 2023 में इजराइल और भारत के बीच एक श्रम समझौते पर हस्ताक्षर हुए थे। इस समझौते के तहत 42,000 भारतीय मजदूरों को इजराइल में रोजगार दिया जाना था।

आतंकी तहव्वुर राणा की अर्जी फिर खारिज

अमेरिकी कोर्ट में प्रत्यर्पण रोकने की मांग की थी, कहा- पाकिस्तानी मुस्लिम हूं, भारत गया तो मारा जाऊंगा

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, 2008 मुंबई हमलों के दोषी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की याचिका अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को खारिज कर दी। तहव्वुर ने भारत आने से बचने के लिए याचिका दायर की थी। इसमें उसने कहा था कि पाकिस्तानी मूल का मुस्लिम होने की वजह से उसे भारत में प्रताड़ित किया जाएगा। राणा ने याचिका में कहा था कि वह कई बीमारियों से पीड़ित है, अगर उसका प्रत्यर्पण नहीं रोका गया तो



वह भारत में सर्वाइव नहीं कर पाएगा। इसलिए उसके प्रत्यर्पण पर इमरजेंसी स्टे लगाया जाए। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट की जज एलेना कगान ने यह दलील नहीं मानी और याचिका खारिज कर दी। तहव्वुर राणा को 2009 में एफबीआई ने गिरफ्तार किया था। राणा को अमेरिका में लश्कर-ए-तैयबा का समर्थन करने के लिए दोषी ठहराया गया था। फिलहाल वह लॉस एंजिल्स के एक हिरासत केंद्र में बंद हैं। 13 नवंबर 2024 को राणा ने निचली अदालत के प्रत्यर्पण के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी, जिसे 21 जनवरी को खारिज कर दिया गया था। इससे पहले उसने सैन फ्रांसिस्को की एक अदालत में अपील की थी, जो खारिज कर दी गई थी। कोर्ट ने फैसले में कहा था कि दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि के तहत उसे भारत भेजा जा सकता है। मुंबई हमले की 405 पन्नों की चार्जशीट में राणा का नाम भी आरोपी के तौर पर दर्ज है।

इसके मुताबिक राणा आईएसआई और लश्कर-ए-तैयबा का मेंबर है। चार्जशीट के मुताबिक राणा हमले के मास्टरमाइंड मुख्य आरोपी डेविड कोलमैन हेडली की मदद कर रहा था। 64 साल का तहव्वुर हुसैन राणा पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक है।

पश्चिम रेलवे की ओर से बांद्रा टर्मिनस ⇄ जोधपुर और बांद्रा टर्मिनस ⇄ भगत की कोठी के बीच त्यौहार विशेष गाड़ियों का संचालन

गाड़ी संख्या	आरंभिक स्टेशन एवं गंतव्य	सेवा की तिथियां	प्रस्थान	आगमन
04826	बांद्रा टर्मिनस – जोधपुर (साप्ताहिक)	11.03.2025 से 25.03.2025 तक	11.15 बजे (मंगलवार)	04.00 बजे (अगले दिन)
04825	जोधपुर – बांद्रा टर्मिनस (साप्ताहिक)	10.03.2025 से 24.03.2025 तक	17.00 बजे (सोमवार)	09.30 बजे (अगले दिन)
ठहराव : बोरीवली, वापी, उधना, भरूच, वडोदरा, साबरमती, महेसाणा, पालनपुर, अबू रोड, पिंडवाडा, जवाई बांध, फालना, रानी, मारवाड, पाली मारवाड और लूनी स्टेशन पर दोनों दिशाओं में.				
संयोजन : एसी 3-टियर तथा शयनयान श्रेणी कोचेस				
04828	बांद्रा टर्मिनस – भगत की कोठी (साप्ताहिक)	09.03.2025 से 30.03.2025 तक	10.30 बजे (रविवार)	04.30 बजे (अगले दिन)
04827	भगत की कोठी – बांद्रा टर्मिनस (साप्ताहिक)	08.03.2025 से 29.03.2025 तक	11.30 बजे (शनिवार)	07.25 बजे (अगले दिन)
ठहराव : बोरीवली, वापी, उधना, भरूच, वडोदरा, साबरमती, महेसाणा, पालनपुर, अबू रोड, पिंडवाडा, जवाई बांध, फालना, रानी, मारवाड, पाली मारवाड और लूनी स्टेशन पर दोनों दिशाओं में.				
संयोजन : एसी 2-टियर, एसी 3-टियर (इकॉनमी), शयनयान श्रेणी और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोचेस				

ठहराव, संयोजन और समय-सारिणी के बारे में विस्तृत जानकारी के लिये यात्रीगण कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in का अवलोकन करें.

पीआरएस काउंटर्स पर और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर गाड़ी सं. 04826 तथा 04828 के लिए बुकिंग 08.03.2025 से शुरू होगी. उपरोक्त गाड़ियों को विशेष किराए पर विशेष गाडियों के तौर पर संचालित किया जाएगा.

पश्चिम रेलवे
www.wr.indianrailways.gov.in
Like us on: facebook.com/WesternRly
Follow us on: X.com/WesternRly

PLEASE CARRY ORIGINAL ID PROOF FOR ALL RESERVED TICKETS

टैरिफ विवाद के बीच एमईए ने कहा, व्यापार समझौते पर चर्चा को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया में भारत और अमेरिका



एजेंसी

विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का उद्देश्य टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं को कम करना, बाजार पहुंच का विस्तार करना और आपूर्ति श्रृंखला एकीकरण को मजबूत करना है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि चर्चा का केन्द्र बिन्दु वस्तुओं और सेवाओं में दोतरफा व्यापार को बढ़ावा देना तथा पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौता सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा, ₹पिछले महीने प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान दोनों पक्षों ने घोषणा की थी कि वे बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत करेंगे। जयसवाल भारत के खिलाफ जवाबी टैरिफ पर ट्रम्प प्रशासन की टिप्पणी पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे। जयसवाल ने यह भी कहा कि केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल की हाल की अमेरिका यात्रा समझौते को आगे बढ़ाने के लिए चल रहे प्रयासों का हिस्सा थी। उन्होंने कहा कि दोनों सरकारें वस्तुओं और सेवाओं के बीच व्यापार बढ़ाने, बाजार पहुंच में सुधार करने, टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं को कम करने और आपूर्ति श्रृंखला एकीकरण को गहरा करने के लिए काम कर रही हैं। इसके अलावा विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 11 और 12 मार्च, 2025 को मॉरीशस में होंगे और मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। यह समारोह 12 मार्च को मनाया जाएगा। भारतीय नौसेना के एक जहाज के साथ भारतीय रक्षा बलों की एक टुकड़ी समारोह में भाग लेगी। प्रधानमंत्री ने आखिरी बार 2015 में मॉरीशस का दौरा किया था।

जयसवाल भारत के खिलाफ जवाबी टैरिफ पर ट्रम्प प्रशासन की टिप्पणी पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे। जयसवाल ने यह भी कहा कि केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल की हाल की अमेरिका यात्रा समझौते को आगे बढ़ाने के लिए चल रहे प्रयासों का हिस्सा थी।

अभिनेत्री रान्या राव ने माना, दुबई से 17 सोनें की छड़ें लाने के लिए दी गई थी, रिपोर्ट में हुआ खुलासा

एजेंसी

इन दिनों कन्नड फिल्मों की अभिनेत्री रान्या राव काफी चर्चा में है। रान्या राव को कई किलो सोने के साथ गिरफ्तार किया गया था। रान्या पर आरोप है कि उन्होंने दुबई से 14.8 किलोग्राम सोने की तस्करी की है। इस आरोप के बाद रान्या पुलिस हिरासत में ली गई थी। रान्या ने पुलिस को बताया है कि उन्होंने अपने शरीर पर 17 सोने की छड़ें रखी थी। इसके साथ ही रान्या ने अपनी अंतर्राष्ट्रीय यात्राओं का विवरण भी पुलिस को दिया है।

उनके बयान में कहा गया है, मैंने यूरोप, अमेरिका और मध्य पूर्व की यात्रा की है तथा दुबई, सऊदी अरब का दौरा किया है। मैं यह बताना चाहती हूं कि मैं इस समय थकी हुई हूं, क्योंकि मुझे पर्याप्त आराम नहीं मिला।₹ उन्होंने बताया कि वह रियल एस्टेट व्यवसायी के.एस. हेगदेश की बेटी हैं और उनके पति जतिन हुक्केरी एक आर्किटेक्ट हैं। अभिनेत्री ने यह भी खुलासा किया कि उसे निष्पक्ष सुनवाई मिल रही है

न्यायालय ने गैंगस्टर अधिनियम मामले में उप्र के विधायक अब्बास अंसारी को अंतरिम जमानत दी

एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के विधायक अब्बास अंसारी को राज्य के गैंगस्टर अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में अंतरिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास में रहने का निर्देश दिया

पश्चिम रेलवे
पेंटिंग कार्य

डिवाई. सीई (ब्रिज-लाइन) पश्चिम रेलवे दादर द्वारा ई-निविदा क्र. : डिवाईसीई-बीआर-डीडीआर-2025-03 आमंत्रित की जाती है. कार्य का नाम : एमएमसीटी मंडल के एसएसई/बी/बीएल क्षेत्राधिकार में एसएएच-एसटी अनुभाग के बीच ब्रि. क्र. 192, 203, 239, 360 अप/डाउन के पाथवे के भीतर और निरीक्षण क्रेडल तथा आरओबी क्र. 421ए, 433ए, पारमुल्य पार्क सिंगल लाइन, 437ए, 440ए और 440बी तथा ब्रिज क्र. 143, 192, 203, 228, 230, 239, 264, 304, 336, 339, 340, 344, 352 और 360 अप /डाउन पर पेंटिंग. कार्य की अनुमानित लागत : रु. 67,44,285.57. जमा करने योग्य बयाना रकम : रु. 1,34,900.00. ई-निविदा जमा करने की तिथि एवं समय : 04.04.2025 को 15.00 बजे तक, ई-निविदा खुलने की तिथि एवं समय : 04.04.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें. 1156

Like us on: facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे
सामग्री प्रबंधन विभाग
विभिन्न सामग्री की आपूर्ति

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना क्र. एस/14/2025 दिनांक 06.03.2025

अ. क्र.	आइटम्स का संक्षिप्त विवरण	मात्रा	टी.ओ.डी.
116	8.5 में 1 टर्नआउट – बीजी 60 किग्रा रेल्स हेतु 6400 एमएम ओवर राइडिंग कर्व्ड स्विचेस	180 सेट	07-अप्रैल-25
117	गोल्ड प्लेटेड सिल्वर मेडल	2887 नग	07-अप्रैल-25
118	6वी मोनो ब्लॉक 120 एएच के वीआरएलए सेल्स	28 सेट	07-अप्रैल-25
119	स्प्रिंग ब्रेक चेंबर हेतु रिपेयर किट	613 सेट	07-अप्रैल-25
120	ट्रैक्शन मोटर	180 नग	07-अप्रैल-25
121	हाई कैपिसिटी आफ्टर कूलर	134 नग	07-अप्रैल-25
122	मोडिफाइड ब्रश होल्डर रिवॉल्विंग रिंग असेम्बली	300 नग	07-अप्रैल-25
123	22.22 एमएम डाया, लॉक बोल्ट एवं कॉलर	57055 नग	07-अप्रैल-25
124	12वी, 7एएच वीआरएलए बैटरी के साथ इमरजेंसी लाइट यूनिट	2480 नग	08-अप्रैल-25
125	साइड बेअरर	686 नग	08-अप्रैल-25
126	कैडियम कॉपर कंडक्टर (130 एसक्यू एमएम)	5000 मी.	09-अप्रैल-25
127	वाइडर पीएससी स्लीपर हेतु 10एमएम थिक सीजीआरएसपी	300000 नग	10-अप्रैल-25
128	एमाल्गमेटेड ट्रांसफॉर्मर रेक्टीफायर	43 नग	14-अप्रैल-25
129	थिन वॉल्ड ई बीम सिंगल कोर साइज 2.5 वर्ग मिमी	400000 मी.	17-अप्रैल-25

विस्तृत सूचना ईएमडी, क्रय प्रतिबंध तथा विस्तृत निविदा शर्तों के बारे में विस्तृत जानकारी के लिये कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in तथा www.wr.indianrailways.gov.in का अवलोकन करें. 1158

Like us on : facebook.com/WesternRly | Follow us on : twitter.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे
एनएफआर अनुबंधों हेतु ई-नीलामी

मंडल रेल प्रबंधक, वाणिज्य विभाग, एनएफआर अनुभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008.
कार्य – मुंबई मंडल में विभिन्न एनएफआर मीडिया के जरिये विज्ञापनों का प्रदर्शन

नीलामी पुस्तिका क्र.	नीलामी का आरंभ (सभी लॉट्स)
MMCT-ADVTM24-34	17.03.2025 को 14.00 बजे

अ. क्र.	लॉट क्र.	स्थान /एरिया	दिवस	ई-नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय
1	MSS-BCT-MMCT-PrKiosk-47-24-1 (Misc-Static-Services-Promotional Kiosk)	3 वर्षों की अवधि हेतु चर्चगेट से विरार (29 स्टेशन्स) तक स्टेशनों/स्थानों पर प्रमोशनल कियोस्क/प्रॉडक्ट डिसप्ले के जरिए वाणिज्य विज्ञापनों के अनुबंध हेतु ई-नीलामी.	1096	17.03.2025 14:30 hrs.
2	MSS-BCT-MRU-MedStn-45-24-1 (Misc-Static-Services-Medical facilities at station)	5 वर्षों की अवधि हेतु माटुंगा रोड रेलवे स्टेशन पर आपात चिकित्सा कक्ष के माध्यम से चौबीस घंटे चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना.	1826	17.03.2025 14:40 hrs.
3	MSS-BCT-CCG-SS-42-24-1 (Misc-Static-Services-Salon Services)	चर्चगेट स्टेशन पर यूनिसेक्स सलून सेवाओं हेतु एयर कंडीशन्ड सलून कियोस्क के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु ई-नीलामी.	1096	17.03.2025 14:50 hrs.
4	MSS-BCT-ADH-SS-43-24-1 (Misc-Static-Services-Salon Services)	32'x10' 320 वर्गफीट के आकार के कॉलम नं. 28 और 29 के बीच पश्चिमी अपर डेक के उत्तर पश्चिम तरफ, अंधेरी स्टेशन पर यूनिसेक्स सलून सेवाएं प्रदान करने हेतु एयर कंडीशन्ड सलून कियोस्क के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु ई-नीलामी.	1096	17.03.2025 15:00 hrs.

नीलामी पुस्तिका क्र.	नीलामी का आरंभ (सभी लॉट्स)
MMCT-ADVT-24-81	17.03.2025 को 15.00 बजे

अ. क्र.	लॉट क्र.	स्थान /एरिया	दिवस	ई-नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय
1	ADVT-Int-132652-305-25-1 (Advertising - Train Interior)	राजधानी एक्सप्रेस (12951/12952) मुंबई सेंट्रल–नई दिल्ली एवं अगस्त क्रांति राजधानी एक्सप्रेस 12953/12954) मुंबई सेंट्रल – हजरत निजामुद्दीन के कोचेस में कांच के दरवाजों पर विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु ई-नीलामी.	1096	17.03.2025 15:30 hrs.
2	ADVT-BCT-BVI-OH-365-24-1 (Advertising - Out of Home)	07 वर्षों की अवधि हेतु आकार 20'x20' (1) 400 वर्ग फीट के गांजावाला लेन से आनेवाले यातायात और पश्चिोन्मुखी, एसएसई (पी.वे)-बीवीआई के कम्पाउंड में, बोरीवली स्टेशन पश्चिम में नये होर्डिंग स्ट्रक्चर के उत्थापन के जरिए विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार.	2557	17.03.2025 15:40 hrs.
3	ADVT-BCT-NIG-OH-366-24-1 (Advertising - Out of Home)	नायगांव रोड ओवर ब्रिजेस पर 2 होर्डिंग स्ट्रक्चर्स पर 07 वर्ष की अवधि हेतु कुल 1600 वर्गफीट क्षेत्रफल के, आकार 20' x 20' (2) वी-आकृति, के नये होर्डिंग स्ट्रक्चर्स के उत्थापन के जरिए विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार.	2557	17.03.2025 15:50 hrs.
4	ADVT-BCT-BVI-OH-364-24-1 (Advertising - Out of Home)	7 वर्षों की अवधि हेतु आकार 30'x30'(1) = 900 वर्गफीट के दक्षिणोन्मुख मौजूदा होर्डिंग स्ट्रक्चर्स के पूर्वी तरफ, बोरीवली स्टेशन उत्तर पूर्व सर्कुलेटिंग एरिया में नये होर्डिंग स्ट्रक्चर के उत्थापन के जरिए विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार.	2557	17.03.2025 16:00 hrs.
5	ADVT-BCT-GMN-OSN-362-24-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital))	3 वर्षों की अवधि हेतु बस स्टॉप उन्मुख, स्टेशन भवन के अग्रभाग पर ग्लोसाइन्स के लिए गोरेगांव (जीएमएन) स्टेशन पश्चिमी तरफ में थोक विज्ञापन अधिकार.	1096	17.03.2025 16:20 hrs.
6	ADVT-BCT-PBHD-OSN-299-24-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital))	तीन वर्षों की अवधि हेतु प्रभादेवी (पीबीएचडी) स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार.	1096	17.03.2025 16:30 hrs.

टिप्पणी : संभावी बोलीकर्ताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल का अवलोकन करें. लॉट अनुसार विवरण निर्दिष्ट पुस्तिका अंतर्गत उपलब्ध है. 1150

Like us on : facebook.com/WesternRly | Follow us on : X.com/WesternRly

संक्षेप

विवाह में लाइट लगाने गए युवक की मौत

चाय की दुकान पर मिला शव, पुरवा में देर रात तक की थी सजावट

सुल्तानपुर , गोसाईगंज थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। सोनारा चैनापुर निवासी राजन उर्फ सीताराम पुत्र शैलेंद्र पांडेय की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। राजन पड़ोसी गांव जंजाली का पुरवा में प्रेम तिवारी की बेटी की शादी में लाइट लगाने गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वह देर रात तक लाइट लगाने का काम कर रहा था। उसका शव मोतीगंज चौराहे के पास शारदा सहायक खंड-16 नहर की पटरी पर स्थित एक चाय की दुकान की बेंच पर मिला। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। थाना प्रभारी के अनुसार, शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की गहन जांच की जा रही है। मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

होली से पहले खाद्य विभाग की छापेमारी

अमरोहा में एक्सपायर प्रोडक्ट्स जब्त, कई दुकानों और गोदामों पर छापा; सैंपल लैब भेजे

अमरोहा, होली से पहले खाद्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। वरिष्ठ खाद्य अधिकारी विनय अग्रवाल के नेतृत्व में टीम ने जिले भर में छापेमारी अभियान चलाया। टीम ने कई दुकानों और गोदामों की जांच की। इस दौरान बड़ी मात्रा में एक्सपायर खाद्य उत्पाद बरामद किए गए। विभाग ने मौके से कई उत्पादों के सैंपल लिए हैं। ये सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। खाद्य विभाग इन उत्पादों की खाद्य सुरक्षा मानकों की विस्तृत जांच करेगा। विभाग ने व्यापारियों को कड़ी चेतावनी दी है। अधिकारियों का कहना है कि अगर दोबारा कोई अनियमितता मिली तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस छापेमारी से बाजार में हड़कंप मच गया है। अब सभी की नजरें लैब से आने वाली जांच रिपोर्ट और विभाग की आगे की कार्रवाई पर टिकी हैं।

सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

बहन को ससुराल छोड़कर लौट रहा था 20 साल का विनीत, चार भाइयों में था सबसे छोटा

हसनपुर, कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक विनीत अपनी बहन को उसकी ससुराल छोड़कर घर लौट रहा था। 28 फरवरी की शाम को कालका वाली डगरोली निवासी विनीत अपनी बहन को बछरायूं के सुल्तानपुर गांव से छोड़कर बाइक से वापस आ रहा था। गश्त कर रही पुलिस को वह भीमा ठीकरी गांव के पास सड़क किनारे घायल अवस्था में मिला। पुलिस ने तुरंत उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया और परिवार को सूचित किया। गंभीर हालत के चलते चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

अतीक के करीबियों के अवैध निर्माण पर पीडीए की नजर

अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ तेज की कार्रवाई, करीबी भूमाफियाओं की सूची तैयार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज,माफिया अतीक अहमद की हत्या के बाद से ही उनके करीबियों पर प्रशासन की तरफ से शिकंजा कसा जा रहा है। प्रयागराज विकास प्राधिकरण की तरफ से भी लगातार कार्रवाई जारी है। पीडीए की तरफ से अतीक और अशरफ के करीबी रहे भूमाफियाओं की सूची तैयार की गई। साथ ही ऐसे भू माफियाओं की अवैध प्लॉटिंग पर कार्रवाई करने की तैयारी शुरू हो गई है। प्रयागराज विकास प्राधिकरण की तरफ अवैध रूप से प्लॉटिंग करने वालों की सूची तैयार की गई है। इसमें अतीक के करीबियों की संख्या अधिक है। पीपल गांव,मरीयाडीह, झूंसी इलाकों में हो रही अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। सूत्रों के अनुसार पीडीए अतीक अहमद के करीबियों द्वारा की गई अवैध प्लाटिंग के खिलाफ लगातार कार्रवाई करने की स्ट्रेटिजी तैयार कर चुका है। प्रयागराज विकास प्राधिकरण की तरफ से 25 बीघा जमीन पर की गई अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ कार्रवाई की गई। झूंसी में चलाए गए विशेष अभियान के अन्तर्गत गिरीश यादव और संजीव मिश्रा,बांके लाल यादव के द्वारा गद्दोपुर नवीन हॉस्पिटल के सामने 3 बीघा में की गई अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया।

साथ ही अकबर, नासिर, साजिद व अन्य की तरफ से गोहरी रोड फाफामऊ, की तरफ से 10 बीघा जमीन पर की गई अवैध प्लाटिंग, किशन सरोज, मुकेश श्रीवास्तव के द्वारा चार बीघा पर की गई अवैध प्लाटिंग, ममता सिंह के डेढ़ बीघा जमीन, अजय प्रताप सिंह, देवी प्रसाद त्रिपाठी, सुरेश केसरवानी की तरफ से अवैध रूप से कराई जा रही अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पीडीए ने ध्वस्तीकरण अभियान चलाया। प्रयागराज विकास प्राधिकरण की तरफ से अवैध प्लाटिंग के खिलाफ लगातार कर्रवाई की जा रही है।

देवी-देवताओं के नाम वाली बीड़ी पर रोक की याचिका खारिज

हाईकोर्ट ने कहा– याची बीड़ी कंपनी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर सकता है

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शंकर पार्वती छाप के नाम और शैली में बीड़ी के विपणन और बिक्री पर रोक लगाने की मांग में दाखिल जनहित याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामले में जनहित याचिका पर हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता। याची बीड़ी कंपनी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर सकता है। मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली एवं न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ ने यह आदेश संत रविदास नगर भदोही निवासी आदर्श कुमार की जनहित याचिका पर दिया है। कोर्ट ने कहा कि याची को उपलब्ध कानून के अनुसार उचित कार्यवाही करने का अधिकार है। याची का कहना था कि देवी-देवताओं के नाम पर बीड़ी की बिक्री से उसकी धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं। पिछले कई वर्षों से इस ब्रांड की बीड़ी का निर्माण भदोही जिले के सुरियावां क्षेत्र में किया जा रहा है। पैकेजिंग में भगवान शंकर और पार्वती का चित्र हैं, जो लोगों की धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला है।

स्वास्थ्य मंत्री ने सीटी स्कैन सेंटर का किया उद्घाटन

मरीजों को मिलेगी मुफ्त सुविधा, समय और पैसे की होगी बचत

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, तिलोई में स्थित मेडिकल कॉलेज में मरीजों को अब मुफ्त सीटी स्कैन की सुविधा मिलेगी। प्रदेश के स्वास्थ्य राज्यमंत्री और स्थानीय विधायक मयंकेश्वर शरण सिंह ने विधिवत रूप से सीटी स्कैन सेंटर का उद्घाटन किया। इससे पहले जिले में केवल गौरीगंज स्थित जिला अस्पताल में ही सीटी स्कैन की सुविधा उपलब्ध थी। वहां मरीजों को लंबा इंतजार करना पड़ता था। तिलोई जिला मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर है। इस दूरी के कारण मरीजों को समय और पैसे दोनों की बबार्दी होती थी। नए सीटी स्कैन सेंटर की शुरूआत से तिलोई और आसपास के क्षेत्र के मरीजों को अब जिला अस्पताल नहीं जाना पड़ेगा। वे अपनी जगह के नजदीक ही यह सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। उद्घाटन समारोह में मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

सड़क सुरक्षा के लिए छात्राओं ने निकाली रैली

जयसिंहपुर में एनएसएस शिविर में नारों के साथ लोगों को किया जागरूक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, गोसाईगंज थाना क्षेत्र के शरीफपुर, गोविंदपुर स्थित हौसिला प्रसाद सिंह स्मारक महिला पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का चौथा दिन सड़क सुरक्षा के नाम रहा। कार्यसेविकाओं ने सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता रैली निकाली।

रैली का नेतृत्व जय शर्मा, मुस्कान मिश्रा, ज्योति, रिया और प्रिया किरन ने किया। छात्राओं ने नारों के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने और खुद को सुरक्षित रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रबंधक अवधेन्द्र कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह मौजूद रहे। एनएसएस की दोनों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रेनू सिंह और साधना वर्मा ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया। सहायक कार्यक्रम अधिकारी आशा तिवारी, पुष्पा सिंह, विभा सिंह समेत कई शिक्षक मौजूद रहे। दोपहर में आयोजित बौद्धिक सभा में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में दुर्गा युवा वाहिनी टीम विजयी रही। कार्यक्रम के दौरान सहायक कार्यक्रम अधिकारी आशा तिवारी ने 'सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा' का नारा बुलंद किया।

होली-रमजान की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

जिला 4 जोन और 12 सेक्टर में बंटा, हर सेक्टर में मजिस्ट्रेट तैनात; ड्रोन से होगी निगरानी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमरोहा, होली और रमजान के त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की तैयारियां पूरी हो गई हैं। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने जिले को चार जोन और बारह सेक्टर में बांटा है। प्रशासन ने हर सेक्टर में एक मजिस्ट्रेट की तैनाती की है। संवेदनशील स्थानों पर होली के दौरान अतिरिक्त पुलिस बल लगाया गया है। आपात स्थिति के लिए 112 डायल को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस कर्मियों को लगातार गश्त करने के आदेश मिले हैं। जिले में ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाएगी। सीसीटीवी कैमरों से भी पूरे जिले पर नजर रखी जा रही है। सभी थानों में धार्मिक नेताओं और प्रमुख नागरिकों के साथ बैठकें हुई हैं। इन बैठकों में त्योहारों को भाईचारे के साथ मनाने पर चर्चा की गई। सभी ने पुलिस प्रशासन को त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का आश्वासन दिया है।

किसानों को मिलेगा विशेष प्रशिक्षण

जबलपुर विश्वविद्यालय में सीखेंगे आधुनिक खेती और पशुपालन की तकनीक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से अवगत कराने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। आत्मा योजना के तहत किसानों को जवाहरलाल नेहरू कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, जबलपुर भेजा गया है। जिलाधिकारी निशा अनंत ने उप निदेशक कृषि कार्यालय परिसर से किसानों की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियों से परिचित कराएगा। उप कृषि निदेशक सत्येंद्र तिवारी के अनुसार, किसान विश्वविद्यालय में नवीनतम कृषि तकनीक, जैविक खेती, पशुपालन, मत्स्य पालन और बागवानी का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। साथ ही वे विश्वविद्यालय के विभिन्न परिसरों का भ्रमण भी करेंगे। कार्यक्रम में जिला उद्यान अधिकारी रणविजय सिंह समेत अन्य अधिकारी और किसान मौजूद रहे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन एंड टेक्नोलॉजी के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है।

युवक को पीटकर लूटने का आरोप

पीड़ित बोला– नमाज के समय मोबाइल चलाने से रोका था; तभी आरोपियों ने भी रुपए छीने

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अलीगढ़, अतरौली थाना क्षेत्र में एक मुस्लिम युवक के साथ मारपीट और लूटपाट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक ने इलाके के ही कुछ आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है और बताया कि उन्होंने उसके साथ घटना की है। मारपीट के बाद युवक के परिवार के लोगों ने उसका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कराया और पुलिस को तहरीर दी है। वहीं घटना के बाद पुलिस अब मामले की जांच में जुट गई है और आरोपियों की तलाश की जा रही है। जिससे उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके। अतरौली के मिर्दगान कच्ची गढ़ी निवासी मोहम्मद तलहा पुत्र मोहम्मद आरिफ ने बताया कि उसका अतरौली सीएचसी के पास जन औषधि केंद्र है। देर शाम को वह अपनी दुकान बंद करके घर की ओर जा रहा था। तभी इलाके के ही कुछ आरोपी वहां आ गए। आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी और फिर जमकर मारपीट की। इसके बाद आरोपी उसके हाथ से बैग भी छीनकर ले गए। बैग में दुकान के दिनभर के रुपए और कुछ अन्य चीजें भी थी। पीड़ित ने बताया कि आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित मो. तलहा ने आरोप लगाया कि आरोपियों के साथ सुबह उसकी बहस हुई थी। वह नमाज अदा कर रहा था और आरोपी वहां पर मोबाइल पर गाने चला रहे थे। नमाज के दौरान उसने मोबाइल चलाने से मना किया था, जिसके कारण आरोपी बुरा मान गए थे। पीड़ित का कहना है कि इसी कारण आरोपियों ने शाम को उसके साथ मारपीट की। अतरौली थाना प्रभारी विजयकांत ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी कैमरे भी देखे जा रहे हैं। जांच के आधार पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बरसाना से गुलाल की मटकी लेकर नंदबाबा मंदिर पहुंची सखियां

दुल्हन की तरह सजी, झूमते हुए मना रहीं रंगोत्सव; श्रीजी मंदिर में आज लड्डूमार होली

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मथुरा, बरसाना में होली का रंग उत्सव शुरू हो गया है। लाडली जी मंदिर में भक्त गुलाल से झूम-झूमकर रंगोत्सव का जश्न मना रहे हैं। नंदबाबा मंदिर में होली का निमंत्रण देने के लिए भक्त बग्गी से पहुंचे हैं। निमंत्रण देने के लिए सखियां भी झूमते नाचते पहुंची हैं। यहां होली का निमंत्रण स्वीकार होने के बाद वापस आकर श्रीजी मंदिर में लड्डू की होली होगी। बरसाना के श्रीजी मंदिर में आज शाम से ही लड्डूमार होली खेली जाएगी। इसके लिए लाडलीजी मंदिर में बनी रसोई में 1,000 किलो शगुन के लड्डू बनाए गए हैं। वहीं, बरसाना, वृंदावन, मथुरा, गोवर्धन और नंदगांव की 950 दुकानों में 9,000 किलो लड्डू बनाए गए हैं। जोकि मंदिर की अटारी (छत) से लड्डू लुटाए जाएंगें। लड्डू लूटने के लिए श्रद्धालु नीचे आंगन में बड़ी संख्या में इकट्ठा होते हैं। मंदिर में रंग गुलाल उड़ाया जा रहा है। भक्तों में होली का उत्साह इस कदर है कि वे अपने साथ लड्डूगोपाल को भी लाए हैं। देश-विदेश से आए लाखों भक्त राधारानी के मंदिर में इकट्ठा हैं। मंदिर के पुजारी भजन गा रहे हैं। पूरा परिसर 'जय राधे जय कृष्णा' के भजन से गूंज उठा है। हर कोई आज भक्ति में सराबोर दिखाई दे रहा है। इस बीच नंदबाबा मंदिर में सेवायत कृष्ण मुरारी गोस्वामी बोले- आज लाला को बरसाने से निमंत्रण आया है। जिसे देखने के लिए सकल देवी-देवता ललायित हैं।

ठाकुर जी सभी ग्वाल-बाल और ग्वालिनों को लेकर बरसाने जाएंगे। ठाकुर जी का सर्वोच्च प्रतीक झंडा लेकर बरसाने जाएंगे।

हमारे ठाकुर जी की बरसाने में ही असली ससुराल है।

ऑटो और मिनी ट्रक की हुई भिड़ंत, 12 घायल

हापुड़ में शादी समारोह से लौट रहा था परिवार, सभी अस्पताल में भर्ती

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

हापुड़, कितौर रोड पर शादी समारोह से लौट रहे एक परिवार का ऑटो मिनी ट्रक से टकरा गया। हादसे में ऑटो में सवार 12 लोग घायल हो गए। घटना गांव सारावा के एक परिवार के साथ हुई। वे सिंभावली के धनपुरा बक्सर में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। कितौर रोड पर एक मिनी ट्रक ने उनके ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो में सवार सभी यात्री घायल हो गए। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी मनोज बालियान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। सभी घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। वर्तमान में सभी घायलों का इलाज जारी है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि तहरीर मिलने पर मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

एसपी ने पुलिस लाइन का निरीक्षण किया

परेड की सलामी ली, पुलिसकर्मियों को दौड़ और ड्रिल करवाई

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, अमेठी में पुलिस अधीक्षक (एसपी) अपर्णा रजत कौशिक ने पुलिस लाइन परेड ग्राउंड का दौरा किया और वहां परेड की सलामी ली। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों की शारीरिक और मानसिक फिटनेस को सुनिश्चित करने के लिए दौड़ करवाई और अनुशासन बनाए रखने के उद्देश्य से ड्रिल भी कराई। परेड में पुलिस लाइन, पुलिस कार्यालय और जनपद के विभिन्न थानों व शाखाओं के अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। एसपी ने सभी पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी वर्दी पहनने और अपने व्यक्तिगत अनुशासन को बनाए रखने की हिदायत दी। साथ ही, उन्होंने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने के लिए पुलिसकर्मियों को प्रेरित किया। इसके बाद, एसपी ने पुलिस लाइन का मुआयना किया। उन्होंने बैरक, शस्त्रागार, मेस, कैश कार्यालय, परिवहन शाखा और पीआरवी 112 का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई और अभिलेखों के रखरखाव को लेकर आवश्यक निर्देश दिए, ताकि कार्यस्थल पर एक अच्छी और सुरक्षित वातावरण बना रहे। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी अमेठी श्री मनोज कुमार मिश्र, क्षेत्राधिकारी लाइन्स/गौरीगंज श्री अखिलेश वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक और अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद रहे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा एफ.एल.टी.–एल.जी.–75, आर.एम. 4/4, इंदिरा नगर, सुंदर बाग, आर.डी. कुर्ला (प.) मुम्बई, 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं एस.आर. पब्लीकेशन, मोहन अर्जून कम्पाउंड गोदाम नं. 8,9,10 नीयर घाटन पाड़ा, वैशाली नगर, लास्ट बस स्टाप, दहिसर (पूर्व), मुम्बई 400068 महाराष्ट्र से मुद्रित।। सम्पादक– खुशीराम शर्मा ।।
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 02248253669,8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173 संपर्क का कार्यालय– 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001 भारत संवाद सिटी ऑफिस– फ्लैट नंबर 24, सेकंड फ्लोर, कांटेक्टर बिल्डिंग, ब्लार्ड स्टेट, वजू कोटक मार्ग, शहीद भगत सिंह रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 महाराष्ट्र।